दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 208 जयपुर, रविवार, 07 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

मौसम : प्रदेश में जमकर बरस रहे बदरा... 8 से धीमा होगा दौर

## बीसलपुर बांध में आया 50 दिन का पानी

■ प्रदेश में फिलहाल बारिश का दौर जारी रहने की संभावना




**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मानसून पूरी तरह से मेहरबान है। सभी जिलों में जमकर बारिश हुई है। टोंक जिले में व्यापक वर्षा के चलते कई गांवों में पानी भर गया है। इधर, जयपुर, कोटा, सीकर सहित कई शहरों में बारिश का दौर शनिवार को भी जारी रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में भारी बारिश का दौर 7 जुलाई तक रहेगा। इसके बाद 8 जुलाई से बारिश का दौर धीमा पड़ जाएगा। मौसम विभाग की ओर से शनिवार शाम को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि 8 जुलाई को भारी बारिश की गतिविधियों में कमी होगी तथा उत्तर-पूर्वी राजस्थान में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश दर्ज होने की संभावना है। वहीं, 9-10 जुलाई से पुनः पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग में आगामी 2-3 दिन दोपहर बाद मेघगर्जन, आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। जोधपुर संभाग के पूर्वी व उत्तरी भागों में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है।

### बीसलपुर बांध में करीब 29% पानी आया

बीसलपुर बांध में पिछले 24 घंटे के दौरान खूब पानी की आवक हुई है। बांध का गेज 5 जुलाई को 310.08 आरएल मीटर था, शनिवार को 310.15 आरएल मीटर तक पहुंच गया। फिलहाल बांध में कुल क्षमता का 28.98 फीसदी पानी आ चुका है, जो 50 दिन के लिए पर्याप्त है।

## जरूरी खबर

### लोस स्पीकर ओम बिरला का कोटा बूंदी में भव्य स्वागत



**बेधड़क** । कोटा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला लोकसभा स्पीकर बनने के बाद पहली बार ओम बिरला शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी पहुंचे। यहां उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा-बूंदी में एक रोड शो भी किया और साथ ही यहां अपने समर्थकों से संवाद भी किया। उनका उनके कर्म क्षेत्र में शानदार स्वागत हुआ।

-पेज 4 भी देखें

### वनरक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में 11 गिरफ्तार

**बांसवाड़ा**। एसओजी की टीम को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। बांसवाड़ा पुलिस और एसओजी की टीम ने राजस्थान में वनरक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में मामले का खुलासा करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल ने बताया कि डीएसपी धनफूल मीणा ने राज तलाब थाने में यह मामला दर्ज है।

### भूल सुधार

**सच बेधड़क** के 6 जुलाई के अंक में छपी खबर ‘पूर्व डीजीपी एमएल लाठर मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त’ में भूलवश मुख्य सूचना आयुक्त की जगह मुख्य चुनाव आयुक्त छप गया है। इसे मुख्य सूचना आयुक्त पढ़ा जाए। **सं.**

सीएम भजनलाल का शहर में औचक निरीक्षण...

## मेट्रो फेज-2 के निर्माण कार्यों व आरयूएचएस का लिया जायजा

■ शहर का ड्रेनेज सिस्टम सुधारने के दिए निर्देश, हीरापुरा बस टर्मिनल पर भी पहुंचे

■ सूचना मिलते ही अधिकारियों में मचा हड़कंप

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को अचानक शहर दौरे पर निकले। इसकी सूचना पूर्व में किसी भी अधिकारी या कंट्रोल रूम को नहीं दी गई थी। सीएम के शहर दौरे पर निकलने की सूचना मिलते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया। तब तक सीएम शर्मा ने आरयूएचएस का में मौजूदा व्यवस्थाओं को करीब से देखा तथा खामियों पर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीएम ने कहा कि एसएमएस अस्पताल में दूसरे राज्यों से भी लोग आते हैं। उसका लोड कैसे कम हो, उसको लेकर अधिकारियों से चर्चा हुई है। आने वाले समय में राजस्थान में किसी भी मरीज को परेशानी न हो, आरयूएचएस में व्यवस्थाएं अच्छी होनी चाहिए। शाम 5:05 बजे शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र सांगानेर के हीरापुरा स्थित बस टर्मिनल पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से नए बस स्टैंड के निर्माण कार्यों का फीडबैक लिया। बस स्टैंड पर सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ ही निर्धारित वक्त पर प्रोजेक्ट को पूरा करने के आदेश दिए।

-पेज 3 भी देखें

### मानसरोवर में JDA की ओर से की कार्रवाई का लिया जायजा



### 10वें फ्लोर तक निरीक्षण किया

सीएम भजनलाल शर्मा ने आरयूएचएस अस्पताल के 10वें फ्लोर तक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में मौजूद मशीनों के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा मेडिकल स्टाफ के साथ अस्पताल को लेकर चर्चा की। सीएम ने हॉस्पिटल में डॉक्टर्स से फीडबैक भी लिया। अस्पताल पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने सबसे पहले परिसर में स्थित गणेश मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान अस्पताल में मौजूद मशीनों के बारे में भी जानकारी ली।

### सेक्टर रोड का निर्माण शुरू करने के आदेश



मुख्यमंत्री मानसरोवर में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की ओर से की गई कार्रवाई का जायजा लिया। यहां कुछ दिन पहले ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, करीब 600 अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए थे। इस दौरान प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल और यूडीएच विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी टी रविकांत भी उनके साथ थे। इस दौरान सीएम ने जेडीए अधिकारियों को जल्द सेक्टर रोड का निर्माण शुरू करने के आदेश दिए।

### मेट्रो फेज-2 के निर्माण की पूछी टाइमलाइन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मानसरोवर मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने 200 फुट चौराहे तक बनने वाले मेट्रो ट्रैक का निरीक्षण किया। साथ ही, अधिकारियों से इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की टाइमलाइन भी पूछी।

### एसीएस शुभ्रा सिंह ने बताई प्रगति रिपोर्ट

मुख्यमंत्री शर्मा ने सांगानेर स्थित खुली जेल और अस्पताल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। यहां उन्होंने एसीएस शुभ्रा सिंह से प्रोजेक्ट की प्रगति रिपोर्ट जानी। फिर, उन्होंने खुली जेल में बन रहे 300 बेड के हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया।

### बारिश में बचाव व राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

सीएम भजनलाल शर्मा ने जयपुर में बारिश के बाद बिगड़े हालात का जायजा भी लिया। नगर निगम व जेडीए अधिकारियों को शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के चलते शहर में राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश जारी किए। संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर इन कार्यों की मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए।

7वीं बार बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री होंगी सीतारमण


## मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट 23 जुलाई को

■ संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ‘एक्स’ पर दी जानकारी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट 23 जुलाई को पेश होगा। बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी। इसी के साथ निर्मला सीतारमण लगातार 7वीं बार बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बनेंगी। इससे पूर्व मोरारजी देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे।

बजट सत्र को लेकर शनिवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को ‘एक्स’ पर इसकी जानकारी दी। रिजिजू ने बताया कि यह बजट नई सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। इसको लेकर केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दे दी है। 23 जुलाई को आने वाला आम बजट मोदी 3.0 का पहला बजट होगा।



### सीतारमण मोरारजी का तोड़ेंगी रिकॉर्ड

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट 2024 पेश करने के साथ ही लगातार सात केंद्रीय बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पूर्व निर्मला सीतारमण और मोरारजी देसाई छह-छह बजट पेश कर चुके हैं।

### 24 जून को शुरू हुआ था पहला सत्र

वर्तमान में 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू हुआ था। इसमें नए सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह और 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक हो चुकी है, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबोधित किया था।

## 4 आतंकी ढेर, 2 जवान शहीद

**श्रीनगर**। दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम में मोदरगाम और चिन्नीगाम गांव में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच सुबह से ही मुठभेड़ चल रही है। इसके चलते सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। चिन्नीगाम में पांच आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। जिनमें से चार की लाशों की पुष्टि की गई है। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट किया कि कुलगाम जिले के फ्रिसल चिन्नीगाम क्षेत्र में आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। उधर, कुलगाम में चल रही दो मुठभेड़ में सेना के दो जवानों के शहीद होने के समाचार मिले हैं। आतंकियों की तलाश जारी है।

-पेज 8 भी देखें

अंबानी परिवार का सेलिब्रेशन

## अनंत-राधिका के संगीत कार्यक्रम में विश्व विजेता टीम इंडिया के लिए जश्न

- विश्व विजयी कप्तान रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और सूर्या का स्वागत
- नीता अंबानी ने जमकर बांधे टीम इंडिया की तारीफों के पुल
- संगीत सेरेमनी के बीच मनाई वर्ल्ड कप जीत की खुशी

**बेधड़क** | मुंबई

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी जीतकर पूरे देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। भारत की इस सफलता से ना केवल आम आदमी, बल्कि देश के सबसे बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी भी काफी खुश हैं। इसलिए उन्होंने अपने बेटे अनंत अंबानी के संगीत कार्यक्रम के दौरान टीम इंडिया के कप्तान सहित तीन अहम खिलाड़ियों के साथ की जीत का जश्न मनाया। खास बात यह है कि 2011 की



वर्ल्ड चैंपियन टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी इस मौके पर मौजूद थे। दरअसल, टी-20 वर्ल्ड कप में परचम लहरा कर स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम का इन दिनों जमकर स्वागत किया जा रहा है। इसी बीच टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत सेरेमनी में पहुंचे।

खिलाड़ियों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगा कर स्वागत किया गया। अनंत अंबानी और राधिक मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को होगी।

### नीता खुश... मुकेश ने दिया टीम को धन्यवाद

नीता अंबानी ने जब तीनों खिलाड़ियों को स्टेज पर बुलाया तब माहौल देखने लायक था। संगीत सेरेमनी में दुनिया भर से आए मेहमानों के बीच नीता अंबानी ने तीनों दिग्गज खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच नीता अंबानी ने कहा, “आज हम इंडिया की जीत का जश्न मनाएंगे। टीम इंडिया ने पूरी दुनिया के सामने हमारा सभी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।“ मुकेश अंबानी ने इंडियन टीम को सभी की तरफ से धन्यवाद बोला। उन्होंने कहा कि, “माही यानी महेंद्र सिंह धोनी यहां उपस्थित हैं जो 2011 में वर्ल्ड कप लाए थे, आज 2024 में आप लाएं हैं, सभी भारतीयों को इस पर गर्व है।”

### सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से किया शानदार स्वागत

संगीत सेरेमनी में अंबानी परिवार के दोस्तों, मेहमानों और रिश्तेदारों ने अपनी जगह पर खड़े होकर खिलाड़ियों का तालियों से स्वागत किया। इस दौरान नीता अंबानी काफी भावुक दिखीं। उन्होंने बताया कि यह जीत किस तरह उनके लिए व्यक्तिगत जीत है, क्योंकि ये तीनों खिलाड़ी मुंबई इंडियस फैमिली का हिस्सा हैं। रोहित शर्मा, सूर्या और हार्दिक पंड्या तीनों आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं।

### खिलाड़ी भी पूजा में हुए शरीक

मुंबई इंडियंस ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में नीता अंबानी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका का हाथ पकड़कर पूजा के लिए ले जाती दिखीं। तब हार्दिक, रोहित और सूर्यकुमार यादव ने भी उनके साथ मिलकर पूजा की। इस दौरान सूर्या की पत्नी और हार्दिक के भाई क्रुणाल पंड्या भी दिखे।

## जरूरी खबर

### केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल आज बीकानेर में



**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल लगातार चौथी बार जीत पर रविवार को श्रीडूंगरगढ़ और बीकानेर में स्वागत किया जाएगा। भाजपा लोकसभा संयोजक सत्यप्रकाश आचार्य ने बताया कि लोकसभा चुनाव में बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल की चौथी बार जीत पर बीकानेर शहर और देहात के कार्यकर्ताओं अभिनंदन किया जाएगा। पूर्व व पश्चिम विधानसभा के मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम रविवार सुबह 11 बजे श्रीडूंगरगढ़ में और शाम 6 बजे बीकानेर भाजपा कार्यालय में होगा। इस अवसर पर मेघवाल कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे। इस अभिनंदन कार्यक्रम में बीकानेर शहर और देहात के जनप्रतिनिधि व भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### रेल मंत्री की सास बनीं नरैना नगर पालिका चेयरमैन

**जयपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की सास सावित्री देवी को नरैना नगर पालिका की कार्यवाहक चेयरमैन बनाया गया हैं। वे वार्ड 10 से पार्षद हैं। सावित्री देवी नरैना नगर पालिका की दूसरी चेयरमैन बनी हैं। नरैना पहले ग्राम पंचायत थी और इसे नगर पालिका बनाया गया था। नगर पालिका बनने के बाद से ही यहां चेयरमैन को लेकर उठापटक चल रही थी। स्वायत्त शासन विभाग ने इसके आदेश जारी किए। पूर्व में सरकार ने ग्राम पंचायत से पालिका में क्रमोन्नत पालिकाओं में नवंबर-दिसंबर तक चुनाव करवाना प्रस्तावित किया है। भाजपा नेताओं ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की सास को कार्यवाहक चेयरमैन बनाकर यहां चल रहे सियासी विवाद को खत्म करने की कोशिश की है।

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा से पारीक ने की मुलाकात



**जयपुर।** भाजपा नेता आलोक पारीक ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से उनके निवास पर मुलाकात की। पारीक ने फूलों का गुलदस्ता भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

## 102वां इंटरनेशनल सहकारिता दिवस: झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राइसेम परिसर में सेमिनार आयोजित

# सहकारी संस्थाओं को नवीन तकनीक अपनाने का किया आह्वान

बेधड़क | जयपुर

रजिस्ट्रार सहकारिता अर्चना सिंह ने कहा कि प्रदेश में सहकारी संस्थाओं के पल्लवन के लिए आवश्यक है कि वे अधिकाधिक नवीन तकनीक को अपनाए ताकि उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता का समावेश हो और सदस्यों का सहकारिता में विश्वास कायम रहे। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं के विकास और प्रसार के लिए उनके संरक्षण, संवर्धन और नियंत्रण में संतुलन रखकर कार्य करने की आवश्यकता है।



झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राइसेम परिसर में 102वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि करीब 120 वर्ष पूर्व प्रदेश में कृषि क्षेत्र में वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए सहकारिता का संस्थागत स्वरूप सामने आया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में समाज और व्यक्ति की आवश्यकता और पसंद में परिवर्तन आया है, इसलिए अब सहकारी संस्थाओं को स्थानीय आवश्यकताओं और पसंद को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं को अपनी सेवा प्रदायगी को बेहतर करते हुए नए-नए क्षेत्रों में कार्य करना चाहिए, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ-साथ लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता में समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करें और सभी को साथ लेकर चलेंगे तो किसी भी समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर प्राप्त कर सकते हैं।

### समाज में नैतिकता होने पर ही सहकारिता का प्रसार संभव: पूनिया

जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया ने कहा कि सहकारिता लोकतंत्र का प्राणतत्व है, जिस लोकतंत्र में सहकारिता नहीं है वह मृतप्राय है। उन्होंने कहा कि स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता, पारस्परिक सहयोग की भावना समाज को एकजुट करती है और इसी से व्यक्ति में सहकारिता का जन्म होता है। समाज में नैतिकता होने पर ही सहकारिता का प्रसार संभव है। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के मौके पर राइसेम परिसर में रजिस्ट्रार सहकारिता, जयपुर डेयरी अध्यक्ष, निदेशक राइसेम सहित सभी सहकारजनों ने पौधरोपण किया। सेमीनार में करणपुर क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष लखविंदर सिंह, फागी जीएसएस के अध्यक्ष ओपी शर्मा, बीलवा जीएसएस के अध्यक्ष प्रहलाद सहाय, नाबार्ड के पूर्व महाप्रबंधक आर. एस. जोधा, भूतपूर्व संयुक्त रजिस्ट्रार (नियम) लीला पुरुषोत्तम तथा राइसेम निदेशक जितेंद्र शर्मा ने संबोधित दिया। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव सहकारिता दिनेश कुमार जांगिड़, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रथम) राजीव लोचन शर्मा, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) शोभिता शर्मा, प्रबंध निदेशक एसएलडीबी विजय कुमार शर्मा सहित जयपुर सीसीबी के प्रबंध निदेशक तथा राइसेम एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद की 123वीं जयंती पर BJP में पुष्पांजलि कार्यक्रम

# ‘मुखर्जी की वजह से ही जम्मू कश्मीर देश का अभिन्न अंग’

बेधड़क | जयपुर

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया था।

कश्मीर को लेकर डॉ. मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। इस नारे को 70 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 70 मिनट में पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने का ऐतिहासिक काम किया, वहीं दूसरी ओर कुछ राष्ट्र विरोधी लोग और राजनीतिक पार्टियां कश्मीर के मामले को यूएन में ले जाने का काम कर रहे थे। धारा 370 के बिल को संसद में फाड़ने का काम कर रहे थे, ऐसी राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कमजोर करने के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर डॉ. मुखर्जी के पदचिह्नों पर



कार्य करने की आवश्यकता हैं। जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश में पंडित नेहरू की परमिट व्यवस्था का भी विरोध किया था।

इसी विरोध के स्वरूप उन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दे दिया, लेकिन उनके बलिदान को जनसंघ के बाद भाजपा ने समझा और आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी नेता थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी और शिक्षाविद् डॉ. मुखर्जी के जीवन चरित्र को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ. मुखर्जी उस दौर में जो विचार लेकर चले थे, उनके विचारों को देश में समझने वाला कोई नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने अपने विचारों को आगे बढ़ाया।

हमें डॉ. मुखर्जी की विचारधारा को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। डॉ. मुखर्जी के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा करने का काम किया। कश्मीर में जिन हाथों में पत्थर हुआ करते थे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन हाथों को रोजगार देकर उनके परिवारों को आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया है।

पुष्पांजली कार्यक्रम के दौरान भाजपा के संगठक प्रद्युम्न कुमार, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी और भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राष्ट्रवादी विचारधारा के पुरोधा थे मुखर्जी



केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवादी विचारधारा के पुरोधा थे और उन्होंने देश की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों को आहुति दी, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। चौधरी शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर आयोजित ‘मतदाता अभिनंदन एवं एक पेड़ मां के नाम’ समारोह के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी राष्ट्रवादी विचारधारा के पुरोधा थे। उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर नारा दिया कि ‘एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।’

## पौधरोपण अभियान चलाकर दी श्रद्धांजलि

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123 वीं जयंती पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गैदर के आह्वान पर भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर की ओर से जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा व हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य के नेतृत्व में विभिन्न पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर सांसद ने नीम, जामुन, अशोक, गुलमोहर के पौधे लगाए। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि अखंड भारत सहित एक विधान, एक निशान और एक प्रधान के पक्षधर डॉ. मुखर्जी ने देश की संस्कृति, संप्रभुता और अखंडता के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। आज उन्हीं की परिकल्पना और बलिदान का नतीजा है कि भारत में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान की व्यवस्था साकार रूप में परिलक्षित हो पा रही है। इस अवसर पर हवामहल विधायक



बालमुकुंदाचार्य ने पौधरोपण की महता पर प्रकाश डालते कहा कि पौधरोपण और उनका संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। विकास के नाम पर जिस गति से पेड़-पौधों को क्षति पहुंचाई जा रही है। उसका दुष्परिणाम मानव समेत संपूर्ण जीवों को भुगतना पड़ेगा। ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर के जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत ने भी पौधों की महता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, प्रदेश मंत्री सुनीता चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रदेश में सस्ती हो सकती है बजरी!

# 9 जिलों में बजरी के ऑनलाइन ऑक्शन 27 से



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने इसी माह प्रदेश के 9 जिलों में बजरी की 48 लीज का ऑक्शन जारी करने की तैयारी कर ली है। बताया जा रहा है कि मानसून सीजन पूरा होने के बाद नई लीज एरिया से खनन शुरू हो जाएगा।

बाजार में लोगों को बजरी सस्ती मिलने लगेगी। इसके लिए ऑनलाइन ऑक्शन 27 जुलाई से शुरू होंगे, जो 24 सितंबर तक चलेंगे। ये लीज 5 साल तक के लिए दी जाएगी, जो 18 से लेकर 99 हेक्टेयर जमीन तक की होगी। सरकार ने इस बार बजरी के लिए अधिकतम 3 मीटर तक ही खुदाई करने की शर्त रखी है। 3 मीटर तक गहराई में खनन करने के बाद उस जगह को भरने की जिम्मेदारी लीज धारक की होगी। इसके लिए नदी के ही उबड़-खाबड़ क्षेत्र से मिट्टी लेकर उसे समतल करना होगा। इससे पहले भी सरकार ने मार्च-अप्रैल में बजरी की 54 लीज ऑक्शन की थी। तब केवल 14 लीज के ही पैसे ऑक्शन उठाने वालों ने सरकार को जमा करवाए थे। 3 लीज राजस्थान स्टेट एंड मिनरल्स माइंस को दे दी गई थी। इनको अब खनन के लिए पट्टे जारी हो गए हैं, जबकि शेष लीज को दोबारा से ऑक्शन करने का निर्णय किया है।

### सरकार इन जिलों करेगी लीज ऑक्शन

इस बार सरकार नागौर, पाली, जोधपुर, बालोतरा, भीलवाड़ा, ब्यावर, झालावाड़, सवाई माधोपुर और चित्तौड़गढ़ जिलों में लीज ऑक्शन करेगी। इनमें सबसे ज्यादा 11 लीज भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़, मांडलगढ़ कस्बे में मौजूद नदियों की है। बालोतरा में 8, पाली और जोधपुर में 7-7, नागौर में 6, ब्यावर में 3, झालावाड़-सवाई माधोपुर में 2-2 और चित्तौड़गढ़ में 1 लीज है।

## अनुशासन समिति ने की सिफारिश

# 22 कांग्रेसी नेताओं पर एक्शन की तैयारी

**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भितरघात की वजह से कांग्रेस को कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के 22 नेताओं ने अपनों को ही हरवाया। इनके खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवारों ने शिकायतें की थीं। अब कांग्रेस अनुशासन समिति ने इन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर दी है। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना की अध्यक्षता में अनुशासन समिति की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस को हरवाने वाले नेताओं के खिलाफ मिली शिकायतों पर चर्चा की गई और 22 शिकायतों पर रिपोर्ट तैयार की गई है। कांग्रेस अनुशासन समिति ने बैठक में दर्जनभर नेताओं के खिलाफ मिली शिकायतों को गंभीर माना है। अनुशासन कमेटी इन नेताओं को कांग्रेस से निकालने की सिफारिश करेगी। पहले प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को रिपोर्ट भेजी जाएगी। डोटासरा की मंजूरी के बाद एक्शन पर फैसला होगा। पहले फेज में इन नेताओं को नोटिस जारी होंगे।

## चित्तौड़गढ़ में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में बोले सीपी जोशी

# ‘डबल इंजन की सरकार में पांच सालों में करेंगे दुगनी गति से विकास’

बेधड़क | जयपुर/चित्तौड़गढ़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने शनिवार को इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

उन्होंने कहा कि यह जीत आपकी, भाजपा की, पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की और उस विचारधारा की है जिसका बीजारोपण बहुत पहले हुआ था। 1952 में भी यहां दीया जला था, जब लोग नारे लगाते थे दीयो में तेल नहीं, देश चलाना खेल नहीं। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान मिले सहयोग एवं समर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पिछले दस सालों में क्षेत्र का विकास किया और अब डबल इंजन की सरकार में आने वाले पांच सालों में दुगनी गति से विकास करेंगे।

उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र को विकसित, सशक्त, स्वच्छ और सुदृढ़ बनाने के लिए हर माह एक बैठक आयोजित करने की अपील की, जिससे उनके अनुभव का लाभ अन्य कार्यकर्ताओं को मिले



और क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो सकें। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और आखिरी के 6 महीनों में ही काम किया, जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के 6 महीनों में ही संकल्प पत्र के 40 से 45 प्रतिशत से अधिक वादों को पूरा करने के साथ ही जनहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का काम किया। कांग्रेस ने ईआरसीपी को लेकर भी प्रदेश की जनता को गुमराह किया लेकिन भाजपा की सरकार ने काम करते हुए मध्य प्रदेश की सरकार के साथ एमओयू किया।

### विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि साठ सालों में यह पहला अवसर है जब किसी राजनीतिक दल और किसी नेतृत्व की सरकार लगातार तीसरी बार बनी है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए जो लोग पहले साथ नहीं बैठते थे, आपस में बात नहीं करते थे, एक दूसरे पर आरोप लगाते वे सभी एक हो गए और चुनाव के समय जनता को बरगलाने और जनता को भ्रमित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब लोगों को लग रहा है कि अगर थोड़ी सी चूक हो जाती और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनते तो देश ऐसे लोगों के हाथों में चला जाता जिन्हें देश की जनता पर नहीं बल्कि राष्ट्र विरोधी ताकतों पर भरोसा है। जोशी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये वे लोग हैं, जो मोदी को हराने के लिए पाकिस्तान के हुक्मरानों के तलवे चाटते हैं। ये वे लोग है, जो भारत-चीन तनाव के दौरान चीन के राजदूत से गुपचुप मुलाकात करते हैं। यहां तक की राम का विरोध करने से भी नहीं चूकते। अयोध्या में श्री राम मंदिर के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान दिया गया निमंत्रण ठुकराते हैं।

## औचक दौरा: बारिश के बाद शहर के हालात जानने निकले सीएम... अधिकारियों को दिए निर्देश





**बेधड़क.जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को सीएमओ से अचानक शहर में बारिश के बाद बिगड़े हालात का जायजा लेने निकल पड़े। इसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को भी नहीं दी गई। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल और यूडीएच विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी टी रविकांत के साथ शहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के निर्देश दिए। मानसरोवर में जेडीए की ओर से की गई कार्रवाई का भी जायजा लिया। यहां कुछ दिन पहले ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, करीब 600 से ज्यादा अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए थे।

### जरूरी खबर

## 'सीनियर सिटीजन क्लब' की आज होगी शुरुआत



**जयपुर।** विश्व जागृति मिशन (विजामि) के जयपुर मंडल की ओर से रविवार से वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'आनंदमय जीवन संघ सीनियर सिटीजन क्लब' की शुरुआत की जाएगी। विजामि के संस्थापक आचार्य सुधांशु की प्रेरणा से जयपुर मंडल द्वारा मिशन के तहत चलाए जा रहे कई प्रकल्पों की कड़ी में सीनियर सिटीजंस के लिए यह विशेष पहल की जा रही है। जयपुर मंडल के प्रधान मदन लाल अग्रवाल ने बताया कि विश्व जागृति मिशन के जयपुर मंडल के तहत काफी समय से 'परिवार जोड़ो अभियान' का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, इसके अंतर्गत 'आनंदमय जीवन संघ सीनियर सिटीजन क्लब' का शुभारंभ रविवार को विश्व जागृति मिशन की दिल्ली स्थित केंद्रीय 'परिवार जोड़ो अभियान' की टीम के पदाधिकारियों जेएल रस्तोगी, अनिल मित्तल एवं राजेश गंभीर द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विश्व जागृति मिशन के तहत अलग-अलग मंडलों में संचालित इस क्लब के माध्यम से सभी वरिष्ठ जनों की समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जाते हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

### आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार बंद कर किया प्रदर्शन

# लड़ाई में बीच बचाव किया तो... युवक ने बुजुर्ग को कार से रौंदा

### वाहन और बैरिकेड लगाकर सड़क पर ट्रैफिक रोका, पुलिस ने बल प्रयोग कर हटाया




**बेधड़क । जयपुर**

लड़ाई कर रहे युवकों को बुजुर्ग का बीच-बचाव करना रास नहीं आया और उनमें से एक ने उन पर कार चढ़ा दी। बुजुर्ग व्यापारी को कार से 15 फीट तक घसीटने के बाद रौंद कर वहां से भाग निकला। घटना झोटवाड़ा इलाके की है। गुस्साए व्यापारियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया, इस दौरान उन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया।

पुलिस के मुताबिक बनवारी कुमावत (60) दीप नगर झोटवाड़ा के रहने वाले थे। 30 साल से दादी का फाटक पर फल-सब्जी की शॉप लगाते थे। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे अपनी दुकान पर बैठे थे। सामने पान की दुकान के बाहर तीन-चार लड़कों का झगड़ा हो गया। झगड़ा होते देख बनवारी कुमावत बीच-बचाव करने पहुंचे। मारपीट कर रहे लड़कों को बनवारी कुमावत समझा रहे थे। इसी दौरान एक लड़का कार में बैठकर भागने लगा। कार सवार युवक ने गाड़ी भगाने के दौरान सामने आए बनवारी कुमावत को टक्कर मार दी। करीब 15 फीट घसीटने के बाद बनवारी कुमावत को रौंदते हुए कार सवार भाग निकला। इलाज के दौरान डॉक्टर्स ने बनवारी कुमावत को मृत घोषित कर दिया।

### दुंकानें बंद कर धरने पर बैठे

घटना को लेकर आक्रोशित व्यापारियों ने शनिवार सुबह दादी का फाटक पर दुकानें बंद कर दी और धरने पर बैठ गए। मृतक के परिजन मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। दादी का फाटक स्थित मेन रोड पर वाहन और बैरिकेड लगाकर सड़क बंद कर दी। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को वहां से खदेड़ा। करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद ट्रैफिक जाम को खुलवाया गया।




### जांच और परिवार को आर्थिक मदद की मांग

वार्ड नंबर-9 पार्षद किशन लाल अजमेरा ने बताया- इनोवा में आए लड़कों का पान की दुकान पर किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। झगड़ा करने वाले लड़कों ने शराब पी रखी थी। बनवारी लाल कुमावत झगड़ा होते देखकर बीच-बचाव करने गए थे। इनोवा सवार लड़के बनवारी लाल कुमावत पर गाड़ी चढ़ाकर निकल गए। प्रशासन से हमने परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग रखी। आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में शामिल गुलाब सैनी ने बताया- ये जानबुझकर मर्डर किया है या एक्सीडेंट, इसकी पुलिस से जांच हो। परिवार को आर्थिक मदद के साथ न्याय मिले। सभी लोगों ने इकट्ठा होकर प्रशासन के सामने यह मांग रखी थी।

### पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा

## 4 साल की मासूम से रेप करने वाले 'जीवाणु' को आजीवन कारावास



**बेधड़क। जयपुर**

शास्त्री नगर में 4 साल की मासूम से रेप के मामले में पॉक्सो कोर्ट जयपुर महानगर क्रम संख्या-3 के जज नरेंद्र मालावत ने शनिवार को सीरियल रेपिस्ट सिकंदर उर्फ जीवाणु को आजीवन कारावास की (अंतिम सांस तक) सजा सुनाई। आजीवन कारावास के साथ ही एक लाख तीन हजार रुपए के अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया है।

साल-2020 में पॉक्सो कोर्ट ने भी सिकंदर उर्फ जीवाणु को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। शास्त्री नगर इलाके में ही 7 साल की बच्ची से रेप के मामले में उसे आजीवन कारावास मिला था। सीरियल रेपिस्ट सिकंदर (40) निवासी मुरलीपुरा स्कीम हाल विजय नगर भट्टाबस्ती हाल रामगढ़ रोड आमेर को पॉक्सो कोर्ट नंबर-3 ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साल-2019 में शास्त्री नगर इलाके में घर के बाहर खेल रही 4 साल की बच्ची का किडनैप कर आरोपी सिकंदर उर्फ जीवाणु ने रेप किया था। घायल अवस्था में मिली बच्ची को कांवटिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। बच्ची ने परिजनों व पुलिस को बताया था कि एक अंकल उसे बाइक पर बैठा कर नाले में ले गए। गलत काम करते समय चिल्लाने पर अंकल ने चाकू से जीभ काट दी। प्रकरण में सरकार से महावीर सिंह किशनावत को स्पेशल पी पी नियुक्त करवाया। किशनावत ने 39 गवाहों के बयान कोर्ट में करवाए।

## कैफे में मारपीट और तोड़फोड़, 11 गिरफ्तार

**बेधड़क । जयपुर**

पुलिस ने देर रात कैफे में मारपीट और तोड़फोड़ करने के आरोप में 11 युवकों को गिरफ्तार किया। घटना जवाहर सर्किल थाना इलाके में स्थित अजालिया कैफे की है। पुलिस को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि कुछ युवक शराब पीकर कैफे में तोड़फोड़ और झगड़ा कर रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के समझाने के बाद भी झगड़ा नहीं रुका तो अतिरिक्त जाप्ता मंगवाया गया। इसके बाद 11 युवकों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया। जवाहर सर्किल सीआई विनोद सांखला ने बताया कि कैफे में काम करने वाले मैनेजर को भी डिटेन किया गया हैं। कैफे में झगड़ा कर रहे युवकों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है। ये लोग देर रात तक कैफे चला कर उपद्रव कर रहे थे। पुलिस जाप्ते ने इन लोगों को समझाने कई प्रयास किए, लेकिन ये लोग नहीं माने।

### अमृत 2 के कार्यों का निरीक्षण, दिए निर्देश

# खोदी सड़कें ढकें, बारिश में खुदाई कार्य नहीं कराएं

**बेधड़क । जयपुर**

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शनिवार को अमृत 2 योजना के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त सुराणा ने अधिकारियों को सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को जल्द ढंकने के निर्देश दिए। साथ ही बारिश में खुदाई कार्य नहीं कराने को कहा। आयुक्त ने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में जयसिंह पुरा खोर, जामड़ोली सहित परकोटे में अमृत 2 योजना में सीवर का कार्य किया जा रहा है।

बारिश में कोई हादसा नहीं हो जाए, इसके लिए शनिवार को सभी क्षेत्र में खुदाई पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा किन क्षेत्र में कार्य हो रहा है, वहां भी बेरीकेट लगाने और खड्डे को जल्द भरने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने खोर में बने एसटीपी प्लांट का भी निरीक्षण किया। इनके अलावा धंसी हुई सड़कों की जल्द मरम्मत के निर्देश दिए।



### अतिरिक्त आयुक्त ने किया पार्क का निरीक्षण

वहीं, अतिरिक्त आयुक्त डा रौनक बैरागी ने शहर के प्रमुख पार्क का निरीक्षण किया और हेरिटेज निगम की ओर से किए जा रहे पौधा वितरण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पार्क की सफाई, रखरखाव और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। अतिरिक्त आयुक्त ने पार्क की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से सफाई अभियान चलाएं और पार्क की हरियाली को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ती है। इस दौरान जिन लोगों को पौधों का वितरण किया गया और सभी उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे इन पौधों की अच्छी देखभाल करें और अपने आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा बनाएं।

### रातभर पड़ा रहा बेहोश

## 25 फुट गहरे नाले में गिरा युवक, हाथ और पैर टूटे

**बेधड़क । जयपुर**

रीको एरिया में स्टोन पार्क के पास 25 फुट गहरे नाले में शुक्रवार रात एक युवक गिर गया। नाले में गिरने से उसके हाथ-पैर टूटने के साथ सिर में गहरी चोट लगी है। शिप्रापथ थाना पुलिस ने शनिवार सुबह पता चलने पर रेस्क्यू कर उसे नाले से बाहर निकाला। एसएचओ शिप्रापथ अमित शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे रीको एरिया में स्टोन पार्क के पास नाले में एक युवक बचाने के लिए आवाज लगा रहा था। इस बात की शिप्रापथ थाने में लोगों ने सूचना दी। सूचना पर एसआई बन्ना लाल चेतक के साथ मौके पर पहुंचे। वे रेस्क्यू करने के लिए पेड़ के जरिए नाले में नीचे उतरे। उनके साथ किशना नाम का लड़का भी नाले में उतरा। चेतक पर मौजूद पुलिसकर्मियों से रस्सी मंगवाकर घायल युवक को बांधकर करीब 20 मिनट की मशक्कत कर बाहर निकाला गया।

बन्ना लाल ने बताया कि युवक ने खुद का नाम केशव (25) पुत्र महेन्द्र निवासी मानसरोवर बताया। वह शुक्रवार रात नाले के ऊपर पानी की पाइप लाइन पर चल रहा था। पैर फिसलने से वह नाले में जा गिरा। सिर में चोट लगने के कारण बेहोश होने पर रातभर नाले में पड़ा रहा।

## जरूरी खबर

### पुलिस ने चमत्कारी बाबा का दरबार करवाया बंद



**भरतपुर।** यूपी के हाथरस में भगदड़ कांड हादसे से सबक लेते हुए भरतपुर जिले में पुलिस ने कथित चमत्कारिक बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू करते हुए शनिवार को बयाना थाना क्षेत्र के गांव मुर्की में एक कथित बाबा के दरबार को बंद करवा दिया। हनुमानजी से सिद्धि प्राप्ति का झांसा देकर कैंसर जैसी बीमारियों को ठीक करने के लिए गुलाब की पंखुड़ियां और लोंग से इलाज करने वाला मध्य प्रदेश निवासी कथित बाबा अनिल पिछले डेढ़ महीने से गांव मे प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को दरबार लगा रहा था। दरबार में बयाना, भरतपुर, करौली और अलवर जिले से सैकड़ों लोग उपचार कराने दरबार में आ रहे थे।

### लापता समाचार पत्र विक्रेता का शव बरामद

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में दो दिन से लापता एक समाचार पत्र विक्रेता का शव शहर की नेहरू विहार कॉलोनी में मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया कि सुभाषनगर निवासी सुंदर लखारा (38) समाचार पत्र विक्रेता था। दो दिन पहले वह अपना मोबाइल और बाइक एक परिचित के पास छोड़ने के बाद लापता हो गया था। परिजनों ने लखारा की तलाश भी की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। इस बीच, शुक्रवार शाम को लोगों ने नेहरू विहार के सेक्टर 16 में खाली मकान के बाहर एक युवक का शव पड़ा देखकर इसकी पुलिस को सूचना दी।

### अब चलती ट्रेनों में टिकट चेकिंग स्टाफ करेगा इलाज



**कोटा।** पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल के यात्री अब चलती यात्रीगाड़ी में टिकट परीक्षक दल के सदस्यों से प्राथमिक उपचार करवा सकेंगे, लेकिन इसके लिए 50 रुपए शुल्क देना होगा। सूत्रों ने बताया कि यात्री सुविधा के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) मनीष तिवारी के मार्गदर्शन में कोटा मंडल ने चलती ट्रेनों में आपातकालीन परिस्थिति में यात्रियों के प्राथमिक उपचार के लिए एक सकारात्मक पहल की है। अभी तक केवल यात्रियों के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था यात्रीगाड़ी के रेल प्रबंधक (गार्ड) एवं स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक के पास उपलब्ध होती थी।

**हादसा...** सिविल डिफेंस की टीम को 13 किमी दूर गांव छह डीडी के पास नहर में तैरती हुई मिली युवक की लाश

# नहर पार करने की शर्त में गंवाई जान, 24 घंटे बाद मिला शव

बेधड़क | अनूपगढ़

शहर के एक युवक ने अपने दोस्तों के साथ नहर को तैरकर पार करने की शर्त लगाई, लेकिन वह नहर के तेज बहाव में बह गया। अब लगभग चौबीस घंटे बाद उसका शव तेरह किलोमीटर दूर गांव छह डीडी के पास नहर में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

तहसीलदार सतीश राव ने बताया कि अनूपगढ़ के वार्ड नंबर छह निवासी सोनू शुक्रवार को अपने तीन दोस्तों के साथ अमावस्या की पूजा करने गया था। जब चारों दोस्त नहर के किनारे बैठे



थे अभी सोनू ने अपने दोस्तों से इस पच्चीस मीटर चौड़ी नहर को तैरकर पार करने की शर्त लगाई और नहर में कूद गया। नहर में पानी का बहाव काफी तेज था और इस बहाव में सोनू अपना संतुलन नहीं रख पाया और बह गया।

तहसीलदार ने बताया कि पहले सोनू के दोस्तों ने उसकी तलाश की और उसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर दो तीन घंटे तक सोनू की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला तो प्रशासन को सूचना दी गई। इस पर प्रशासन मौके पर पहुंचा और सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर बुलाया गया।

सिविल डिफेंस की टीम ने शुक्रवार शाम को दो किमी के एरिया में सोनू की तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रात को अंधेरा होने के कारण सर्च का कार्य रोक दिया गया और शनिवार सुबह से एक बार फिर से सोनू की तलाश की गई।

### गोताखोरों ने निकाली लाश

अनूपगढ़ के वृत्ताधिकारी अमरजीत चावला ने बताया कि सोनू की तलाश के लिए शुक्रवार को सिविल डिफेंस की टीम के साथ साथ स्थानीय लोग भी जुटे हुए थे। शनिवार को गांव छह डीडी के पास नहर में एक सिर तैरता हुआ दिखाई दिया तो गोताखोरों को बुलाकर शव को बाहर निकला गया। बाद में इस शव की पहचान सोनू के रूप में ही हुई। परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से मना कर दिया तो पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### दोस्तों ने किया था रोकने का प्रयास

सोनू के दोस्तों ने बताया कि वे चारों नहर के किनारे बैठे थे और नहर के बारे में बात कर रहे थे। इतने में सोनू ने कहा कि वह इस नहर को तैरकर पार कर देगा। ऐसे में उसके दोस्तों ने उसे रोका और समझाया, लेकिन सोनू ने बिना सुने छलांग लगा दी और तेज बहाव में बह गया। चारों दोस्त मार्बल लगाने का कार्य करते हैं।

**स्पीकर बनने के बाद पहली बार** कोटा-बूंदी आए ओम बिरला, कहा...

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश स्थापित करेगा नए कीर्तिमान

बेधड़क | कोटा

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार की तारीफ की। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान देश नई उपलब्धियों को हासिल करेगा।

स्पीकर बनने के बाद पहली बार ओम बिरला शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी पहुंचे। यहां उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा-बूंदी में एक रोड शो भी किया और साथ ही यहां अपने समर्थकों से संवाद भी किया। इस दौरान मीडिया के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी है। हमारी कोशिश होगी कि किस तरीके से राज्य और केंद्र सरकार मिलकर यहां की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सकें।

ओम बिरला ने कहा कि मुझे खुशी है कि निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में निवेश भारत में आ रहा है। मुझे आशा है कि प्रधानमंत्री मोदी के इस तीसरे कार्यकाल में देश नए कीर्तिमान हासिल करेगा। लोकसभा लोकतंत्र का मंदिर है, लोगों की आस्था का केंद्र है। हम संसद को देर रात तक चलाने की कोशिश करते हैं।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि हम ये मानते हैं कि जिन लोगों को संसद में बैठने के लिए वोट दिया जाता है, उनमें अपने क्षेत्र के लिए और हर किसी के विचारों को शामिल करने की इच्छाएं होती हैं, ताकि हम सामूहिक तौर से आगे बढ़ सकें। इसके साथ ही उन्होंने पार्लियामेंट में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जारी तकरार को लेकर भी अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है, जहां दोनों पक्ष के बीच खुलकर हर मुद्दे को लेकर बात की जानी चाहिए।



### विकास के साथ रोजगार को लेकर किया जा रहा काम

इस मौके पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि राजनीतिक और सामाजिक छात्र जीवन में हाड़ौती से बहुत कुछ सीखने को मिला है। जनता के अभाव अभियोग, समस्याओं के लिए लगातार संघर्ष किया। जनता का स्नेह मिला, आशीर्वाद मिला। यहां से मिले अनुभव राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया, इसलिए जनता के स्नेह और आशीर्वाद से इस मुकाम पर पहुंचे हैं। प्रयास रहेगा कि हाड़ौती के विकास में कोई बाधा नहीं हो और सभी जिलों का समग्र विकास संभव हो सके। बिरला ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और राज्य में भी भाजपा की सरकार है। ऐसा संयोग लंबे समय बाद बना है। प्रयास रहेगा कि रोजगार के नए आयाम स्थापित हों, जिससे युवाओं को रोजगार मिल सके। इसके लिए दुनिया भर से कई प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां देश में उद्योग धंधों में निवेश कर रही है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा फोकस है कि निजी सेक्टर में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाए जाएं। खासकर गांवों और छोटे कस्बों के विकास के साथ रोजगार को लेकर काम किया जा रहा है।

### कोटा में 400 से अधिक बनाए स्वागत द्वार

दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद स्पीकर ओम बिरला शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी की यात्रा पर आए। इस दौरान जगह-जगह पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कोटा में उनके स्वागत के लिए 400 स्वागत द्वार बनाए गए। इससे पहले हिंडोली हेलिपैड पर पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिरला का जोरदार स्वागत किया। मंत्री हीरालाल नागर, पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी, पूर्व मंत्री बाबू लाल वर्मा, पूर्व विधायक अशोक डोगरा, सांसद दामोदर अग्रवाल सहित कोटा-बूंदी के जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद बिरला रोड शो के लिए रवाना हो गए। रोड शो में हिंडोली व बूंदी में लोगों ने पुष्प वर्षा कर बिरला का स्वागत किया। बिरला ने देवली कट से होकर हिंडोली में प्रवेश किया। रोड शो के दौरान बिरला का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जनता के स्वागत से अभिभूत होकर लोकसभा अध्यक्ष ने जनता का आभार जताया।

### आज ‘ एक पेड़ मां के नाम’ अभियान का करेंगे शुभारंभ



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला 7 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत रविवार को अनंतपुरा स्थित लव-कुछ वाटिका में शहर की कई संस्थाएं व सामाजिक संगठन सामूहिक रूप से पौधारोपण कर प्रकृति सरंक्षण का संकल्प लेंगी।

**एक दिन पहले ही मनाया था बर्थडे**

# स्कूल में हुआ हार्ट फेल दसवीं के छात्र की मौत

बेधड़क | दौसा

जिले में शनिवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जहां 10वीं कक्षा के एक छात्र की स्कूल में हार्ट फेल होने से मौत हो गई। मृत छात्र का नाम यतेन्द्र उपाध्याय था और उसकी उम्र 16 साल थी। खास बात यह है कि एक दिन पहले ही यानी 5 जुलाई को ही उसने अपना जन्मदिन मनाया था। परिजनों का कहना है कि छात्र का हृदय रोग का इलाज चल रहा था।

यह घटना बांदीकुई कस्बे के एक निजी स्कूल में शनिवार सुबह करीब 7 बजे हुई, जब वह स्कूल के बरामदे को पार करते हुए क्लास के अंदर जा रहा था। इसी दौरान अचानक लड़खड़ाकर बरामदे में गिर पड़ा और फिर उठ न सका। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें यतेंद्र बरामदे में गिरता हुआ नजर आ रहा है। इसके बाद वहां करीब ही बैठा एक स्कूल कर्मचारी भागकर उसके पास पहुंचता है और उसे उठाने की कोशिश करता है।

कोई हरकत ना होने पर स्कूल प्रशासन ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बांदीकुई थाने के एसएचओ प्रेम चंद ने बताया कि डॉक्टरों को शक है कि यतेंद्र उपाध्याय को दिल का दौरा पड़ा था। हालांकि लड़के के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि वे अलवर में अपने पैतृक गांव में उसका अंतिम संस्कार करेंगे।



### तीन साल पहले हुई थी हार्ट संबंधित परेशानी

अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर पवन जरवाल ने बताया कि स्कूल का स्टाफ लड़के को अस्पताल लेकर आया था। जब उसे लाया गया तो उसका दिल नहीं धड़क रहा था। हमने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। छात्र के परिजनों के अनुसार करीब 3 साल पहले भी छात्र को हार्ट संबंधित परेशानी हुई थी, जिसके चलते उसे जेके लोन अस्पताल में 15 दिन तक भर्ती रखा था। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में पुलिस को सूचना देने के बाद छात्र का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# खड़े-खड़े अचानक गिरा गार्ड और उठी लाश



**अजमेर।** अजमेर में एक गार्ड अचानक खड़े-खड़े धड़ाम से नीचे गिर गया और देखते ही देखते उसकी मौत हो गई। इसी दौरान गार्ड आवाज भी नहीं निकाल पाया और मदद के लिए अपने पैरों को जमीन पर पटकता रहा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। हालांकि, गार्ड को अचेत समझकर दो युवक उसे इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गार्ड हरिराम गुर्जर की मौत हार्ट अटैक से हो गई। गिरने के बाद उसे जेएलएन अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, यूपी आदि राज्यों में सक्रिय गिरोह के सदस्य**

# अंतरराज्यीय जेबतराशी गैंग का पर्दाफाश, सरगना समेत 6 बदमाश अरेस्ट

बेधड़क | जयपुर/अजमेर

- 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल बदमाशों तक पहुंची GRP
- गिरोह ने 100 से अधिक वारदातों को करना किया कबूल

अजमेर जीआरपी पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन पर जेबतराशी की वारदात करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा कर सरगना सहित 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में 100 से अधिक वारदातें करना कबूल किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि शुक्रवार को रतलाम निवासी परिवादी रईस खान द्वारा रिपोर्ट दी गई थी कि 1 जुलाई को अजमेर दरगाह जियारत के बाद पत्नी के इलाज के लिए ट्रेन से जयपुर जा रहा था। अजमेर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर खड़ी ट्रेन के कोच में चढ़ते समय पांच-छह व्यक्तियों ने घेर कर जेब से 30 हजार रुपए चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी जोशी ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर जेबतराशी की घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीआरपी नरेश शर्मा व सीओ राम अवतार क सुपरविजन एवं एसएचओ जीआरपी अनिल देव के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा रेलवे स्टेशन एवं शहर के अन्य जगहों पर लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाल संदिग्धों की पहचान की। टीम के सहयोग एवं परिवादी की निशानदेही पर आरोपी अमीनुद्दीन पुत्र शमसुद्दीन (47), हीर सिंह पुत्र शक्ति सिंह (56), आफताब



अंसारी पुत्र रियासत अली (50) व हामो खान पुत्र हकीम शाहदुल्लाह (58) निवासी दिल्ली, मोहम्मद शाहजहां आलम पुत्र मोहम्मद याकूब (32) निवासी पटना बिहार हाल नाहरी का नाका जयपुर एवं खुर्शीद आलम पुत्र सिराजुद्दीन (30) निवासी नाहरी का नाका थाना शास्त्री नगर जयपुर को अजमेर से दस्तयाब किया।

### 25 फीसदी हिस्सा लेता था गिरोह का मुखिया

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुल 23 हजार 300 नकद एवं जेबतराशी में प्रयुक्त ब्लेड, कटर एवं बैंडेड जप्त की है। इस गिरोह का मुखिया आफताब अंसारी है, जो वारदात में प्राप्त राशि में से 25% हिस्सा रखता है। यात्री की जेब पर कट या चीरा लगाने का काम यही करता है। गिरोह का एक सदस्य किस यात्री के पास कितनी राशि है इसके बारे में पता लगा अन्य सदस्यों को सूचित करता है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने विभिन्न राज्यों में 100 से अधिक वारदातें करना स्वीकार किया है। अधिकांश वारदातें रेलवे स्टेशन नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, यूपी, हरियाणा तथा राजस्थान के जयपुर और अजमेर रेलवे स्टेशन पर किया जाना बताया। शनिवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

### पीस बिल्डर्स फोरम इंडिया की ओर से भट्टारक जी की नसियां में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# शांति और अहिंसा में बच्चों और युवाओं की है महत्वपूर्ण भूमिका

बेधड़क | जयपुर

देश और दुनिया में शांति एवं अहिंसा का माहौल बनाने और उसे बनाए रखने में सबसे बड़ी भूमिका बच्चों और युवाओं की है। ऐसे में यह जरूरी है कि उन्हें न केवल इस बारे में शिक्षित किया जाए अपितु सक्रियता से जोड़ा भी जाए।

पीस बिल्डर्स फोरम इंडिया के यहां भट्टारक जी की नसियां में चल रहे राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को उसके संस्थापक राजगोपाल पीवी और जिल कार्ल हैरिस की मौजूदगी में शांति और अहिंसा के वातावरण को कायम रखने के उपायों पर चर्चा हुई।

चर्चा कार्यक्रम में भारत सेवा संस्थान की ओर से पूर्व महाधिवक्ता गिरधारी सिंह बापना, सेन्टर फॉर यूथ डवलपमेंट एंड एक्टिविटीज महाराष्ट्र के शांताराम बडगूजर, ओडिशा से मनोज जेना और नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के मधुसूदन दास आदि ने हिस्सा लिया। सभी ने देश में शांति और सद्भावना का वातावरण बनाए रखने के लिए अपने अनुभवजन्य सुझाव दिए। बापना ने कहा कि सच यही है कि बिना राजनीतिक दलों के सहयोग और समर्थन के हम न तो इस मुहिम को गति दे सकते और ना इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि, हर दल में शान्ति एवं अहिंसा के लिए सोचने वाले लोग होते हैं जैसे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत। हमें ऐसे सभी लोगों को अपने साथ जोड़ना है। ऐसे लोग भाजपा और आरएसएस में भी हो सकते हैं।

## अहिंसा का अर्थ केवल शारीरिक हिंसा न करने तक ही सीमित नहीं

चर्चा में यह बात भी आई कि अहिंसा का अर्थ अब केवल शारीरिक हिंसा नहीं करने तक ही सीमित नहीं है बल्कि अब इसके मायने यह भी हैं कि, हम अपनी अर्थव्यवस्था को अहिंसक बनाएं जिसका मतलब उत्पादन, वितरण और उपभोग को शोषणमुक्त बनाना है। इसी में सबका कल्याण है और यही सर्वोदय है। वक्ताओं का कहना था कि, इन लक्ष्यों को समाज - समुदाय के नियन्त्रण में ग्राम आधारित इकाईयों से हासिल किया जा सकता है। यह पर्यावरण मित्र और अपने से जुड़े सभी लोगों की समान हिस्सेदारी पर आधारित होंगी।




## अहिंसा एवं शान्ति के सिद्धान्त पाठ्यक्रमों में हो शामिल

उपभोक्ता शिक्षा के माध्यम से यह हो सकता है जिसमें उद्योग भी अपने उत्पाद के लिए जवाबदेह बनेंगे। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, जिसमें वर्तमान मॉडल्स के साथ शिक्षकों को विभिन्न प्रशिक्षणों के माध्यम से शिक्षित करके और अहिंसा एवं शान्ति के सिद्धान्तों को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल करने पर भी आज विचार विमर्श हुआ। इसी तरह शान्ति और अहिंसा के लक्षय को प्राप्त करने में ग्रामसभाओं की मजबूती और स्थानीय शासन में आम आदमी की भागीदारी बढ़ाने एवं संविधान के प्रिएंबल में शांति एवं अहिंसा को शामिल करने के लिए राजनीतिक दलों पर दबाव बनाने पर भी बात हुई।

## Yuva स्टोरीज



### एचजेयू में परीक्षा फॉर्म की अवधि बढ़ाने को लेकर छात्रों ने दिया ज्ञापन

**जयपुर।** हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर में परीक्षा फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर छात्रों ने ज्ञापन दिया है। छात्र नेता विकास ने बताया परीक्षा फॉर्म की अंतिम तिथि 5 जुलाई है, इसके बाद प्रत्येक विद्यार्थी से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 100 रुपए का अतिरिक्त विलंब शुल्क लिया जाएगा। इसके अलावा सभी विद्यार्थियों को 13 जुलाई से पहले फॉर्म जमा कराने होंगे। उसके बाद फॉर्म नहीं लिए जायेंगे। विकास ने बताया कि परीक्षा फॉर्म आवेदन को लेकर वेबसाइट पर कई छात्रों को समस्या आ रही है, इसके अलावा अनेकों विद्यार्थी दूरस्थ जिलों के हैं। विश्वविद्यालय द्वारा अचानक जारी किए के फरमान के बाद अनेकों विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म जमा करने की तिथि को लेकर परेशान है। इसको लेकर विकास गढ़वाल और प्रदीप यादव के साथ अनेकों छात्रों ने विश्वविद्यालय कोऑर्डिनेटर डॉ. रतन सिंह शेखावत को परीक्षा फॉर्म अवधि बढ़ाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कोऑर्डिनेटर ने सभी छात्रों को परीक्षा फॉर्म अवधि बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

### नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट की उत्तर कुंजी जारी, दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

NEST
National Entrance Screening Test

**नई दिल्ली।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईएसईआर), भुवनेश्वर ने नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (नेस्ट) 2024 की आंसर की जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से नेस्ट 2024 प्रोविजनल आंसर-की डाउनलोड कर सकते हैं। अगर किसी उम्मीदवार को आंसर-की में कोई गलती लगती है तो वे 7 जुलाई सुबह 11 बजे तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। नेस्ट 2024 उत्तर कुंजी डाउनलोड करने के लिए, परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर अपने लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करने होंगे। नेस्ट 2024 परीक्षा 30 जून को दो पालियों में सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे और दोपहर 2:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की गई थी। उम्मीदवार नेस्ट उत्तर कुंजी 2024 की मदद से संभावित स्कोर की गणना कर सकते हैं। एनईएसटी 2024 परीक्षा में प्रत्येक सही उत्तर के लिए उम्मीदवारों को 3 अंक मिलेंगे। जबकि गलत उत्तरों के लिए 1 अंक काटा जाएगा। इसके अलावा, बिना प्रयास किए गए प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा। नेस्ट 2024 का परिणाम 10 जुलाई को घोषित किया जाएगा। नेस्ट 2024 उत्तर कुंजी के विरुद्ध आपत्तियां उठाने के लिए अभ्यर्थियों को ईमेल करना होगा। परीक्षा के प्रत्येक खंड (जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिकी) के प्रश्नों के लिए एक निर्दिष्ट ईमेल पता है। बता दें कि नेस्ट 2024 उत्तर कुंजी के खिलाफ अपनी चुनौती ईमेल करते समय, उम्मीदवारों को सटीक पहचान के लिए अपना नेस्ट रोल नंबर और प्रश्न आईडी शामिल करना होगा। नेस्ट उत्तर कुंजी 2024 के खिलाफ आपत्ति उठाते समय उम्मीदवारों को सहायक दस्तावेज और उचित स्पष्टीकरण संलग्न करना आवश्यक है।

### खराब रिजल्ट देने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई: शिक्षा मंत्री



**सवाईमाधोपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थाप्रधानों को चेतावनी दी कि स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ानी है। खराब रिजल्ट वाले स्कूलों में सबंधित विषय अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कलेक्ट्रेट में जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर जिला कलेक्टर खुशाल सिंह यादव मौजूद रहे। मंत्री ने जिले के अधिकारियों से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की। बाद में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से उन्होंने शैक्षिक व्यवस्था को अधिक दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रत्येक सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में पौधरोपण करने के दिशा निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों के संदर्भ में नामांकन करने का निर्देश दिया। बैठक में चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि खराब रिजल्ट देने वाले विद्यालयों के शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जा जाएगी।

### कोटा विवि के दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल मिश्र...

# संविधान बदलने की बात गलत, कर रहे भ्रमित




बेधड़क | कोटा

प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि संविधान में साफ लिखा है कि इसे बदला नहीं जा सकता है। इसलिए लोगों को इससे दिग्भ्रमित नहीं होना चाहिए। संविधान का अध्ययन करना चाहिए। आजकल संविधान की काफी चर्चा चलती है, लेकिन जब लोगों से पूछा जाता है कि संविधान का उद्देश्य क्या है व प्रस्तावना कैसी है? तो मुझे बड़ा दुख होता है। क्योंकि बहुत कम लोगों को ज्ञान है। राज्यपाल शनिवार को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। मिश्र ने कहा कि संविधान के मौलिक अधिकार की बात करते हैं, लेकिन संविधान के मौलिक कर्तव्य की बात नहीं करते हैं। इसी संविधान के माध्यम से भारत का इतना बड़ा लोकतांत्रिक देश चल रहा है। कुछ लोग इसको विकृत करने की कोशिश करते हैं और कहते हैं कि संविधान बदल दिया जाएगा। जबकि डॉ. भीमराव अंबेडकर व उनके सहयोगियों ने यह संविधान बड़े अध्ययन के साथ बनाया है। दुनिया के देशों व भारत में साम्राज्य के कानून और संविधान का अध्ययन करने के बाद इसे बनाया है। इसके साथ ही दीक्षांत अतिथि के रूप में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम शिरकत की।

## संविधान को कोई खंडित नहीं कर सकता

उन्होंने कहा कि हमारे संविधान को कोई खंडित नहीं कर सकता है। यह संविधान पवित्र ग्रंथ है। इसमें संशोधन तो हो सकता है, संविधान की 368 धारा ऐसी है। जिसमें संशोधन की प्रक्रिया है, लेकिन बदला नहीं जा सकता है। साल 1973 में केशव भारती का केस आया था, उसमें संविधान को बदलने की विभिन्न प्रकार की चिंताएं हुई थीं। तब न्यायाधीशों ने कहा कि संविधान का बेसिक फीचर बदला नहीं जा सकता है। इसलिए अधिक भ्रम में नहीं आना चाहिए। मैं चाहता हूं कि लोग संविधान का अध्ययन करें।

## इन्हें मिला चांसलर गोल्ड मेडल

वाइस चांसलर प्रो एसके सिंह ने बताया कि समारोह में साल 2022 और 2023 के पास आउट विद्यार्थियों को उपाधियां का दी गई हैं। इसके साथ ही 2022 का कुलाधिपति पदक जयपुर के पोद्दार मैनेजमेंट एंड टेक्निकल कैंपस की एमबीए कोर्स की छात्रा नयाशी जैन और 2023 का जयपुर के एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज की एमएससी की छात्रा नेहा सुराणा को दिया गया। इसके अलावा 2022 का कुलपति पदक जयपुर के आर्या इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्रा दिव्यांशी यादव और 2023 का आर्या इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्रा गजल लता को दिया। इसके अलावा 44 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल भी दिए गए हैं।

## 44 में से आधे स्वर्ण पदक छात्राओं को मिले

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि स्वर्ण पदक लेने वाले कुल 44 कैंडिडेट में 22-22 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। संकाय के अनुसार साल 2022 के बीटेक के 12 और एमटेक के 8 स्टूडेंट हैं। इसके अलावा एमबीए, एमसीए और बीआर्क के एक-एक कैंडिडेट को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। इन 24 कैंडिडेट में 13 छात्र और 11 छात्रा हैं। इसी तरह से साल 2023 में बीटेक के 10 और एमटेक के 7 स्टूडेंट हैं। इसके अलावा एमबीए, एमसीए और बीआर्क के एक-एक कैंडिडेट को गोल्ड मेडल दिया है। इन 10 कैंडिडेट में 9 छात्र और 11 छात्राएं हैं।

## 47 को डॉक्टरेट की उपाधि

उपाधियों में 2022 और 2023 में इंजीनियरिंग की 35, मैनेजमेंट की 8 और कंप्यूटर एप्लीकेशन के 4 कैंडिडेट्स को पीएचडी की डिग्री दी गई। इन 47 कैंडिडेट्स में 34 छात्र व 13 छात्राएं हैं। इसके साथ ही दोनों सालों के 18257 कैंडिडेट्स को उपाधियां दी गईं। जिनमें बीटेक के 15073, एमबीए के 1610, एमसीए के 896, एमटेक के 428, बीआर्क के 197, एमआर्क के 5 व बीएचएमसीटी के 1 विद्यार्थी को उपाधि मिली है। छात्र-छात्राओं का अनुपात देखा जाए तो 4116 छात्र और 4141 छात्राओं को उपाधि मिली।



## सरकारी स्कूल के मैदान में लगाए 200 पौधे

बेधड़क | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर एवं एक पहल एनजीओ के रो. अनिल कुमार चौधरी ने महात्मा गांधी सरकारी स्कूल, अग्रवाल फार्म मानसरोवर में शनिवार को पौधारोपण अभियान कार्यक्रम में लगभग 200 पौधे स्कूल के मैदान में लगाए। समाज सेवा हित के इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब जयपुर के पूर्व अध्यक्ष रो. एस के टांक, सचिव रो. पीयूष जैन, प्रधानाचार्य अजय कुमार सिद्ध, उपप्रधानाचार्य हरिश चन्द्र कटियार, अध्यापक विनीत कुमार शर्मा ,राजीव ढाका एवं स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने पूरी मेहनत के साथ पौधे लगाए। सभी बच्चों को पौधे लगाते समय जिम्मेदारी दी गई कि अपने पौधे का नाम रखें और उसकी देखभाल करे। पौधे पर्यावरण को स्वच्छ रखने, ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, प्रदूषण कम करने, और बायोडायवर्सिटी को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्कूल प्रांगण में पौधों की देखभाल के लिए पानी का बोरिंग खुदवाया गया एवं पौधों में पानी देने के लिए पाइपलाइन की व्यवस्था की गई और एक माली नियुक्त किया गया। जिससे कि पेड़ों की देखभाल पूरी तरह से की जा सके।

## छात्रसंघ चुनाव पर छाए संशय के बादल

जयपुर। राजस्थान में छात्रसंघ चुनावों को लेकर डिप्टी सीएम और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा का शनिवार को बड़ा बयान आया। बैरवा ने कहा कि राजस्थान में छात्र संघ चुनाव भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नहीं करवाए थे। न ही हमारी सरकार ने छात्र संघ चुनाव पर रोक लगाई है। इसलिए मैं इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहना चाहता हूं। क्योंकि न हम कराने वाले हैं, न बंद करने वाले हैं। बैरवा का यह बयान आने के बाद प्रदेश के छात्र नेता मुखर हो गए। बैरवा के बयान के बाद छात्रसंघ चुनाव पर संशय के बादल छाए हैं। डिप्टी सीएम के बयान के बाद छात्र संगठनों ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने एबीवीपी की न्याय पद यात्रा से डरकर छात्र संघ चुनाव रद्द कर दिए थे। ऐसे में हम बीजेपी सरकार से फिर से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

## निमेड़ा बने अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष



**जयपुर।** डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी, राजस्थान में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष प्रशांत मेहरड़ा ने खंडेला (सीकर) निवासी राजेश वर्मा निमेड़ा को प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। राजेश को यह नियुक्ति उनके संस्था के प्रति समर्पण भाव और कार्य को देखते हुए दी गई है। नियुक्ति के बाद राजेश को मिलने-जुलने वाले लोगों सहित दोस्तों-रिश्तेदारों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि राजेश वर्मा युवा नेता है और आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी से खंडेला विधानसभा सीट से चुना भी लड़ा था।

### काउंसलिंग | वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी कर रहा है काउंसलिंग प्रक्रिया

# शुरू हुई PTET की काउंसलिंग, 12 तक होंगे रजिस्ट्रेशन

बेधड़क | कोटा

PTET की काउंसलिंग शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (B.Ed) में शनिवार से वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी (VMOU) कोटा की ओर से शुरू कर दी गई। इसके जरिए बीएड और ग्रेजुएशन एंड बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स में प्रवेश मिलेगा। इस साल प्री टीचर एजुकेशन टेस्ट (PTET) का आयोजन 9 जून को राजस्थान के 33 जिलों में किया था। इसका परिणाम 4 जुलाई को जारी किया गया था। पीटीईटी के कोऑर्डिनेटर डॉ. आलोक चौहान ने बताया कि कैंडिडेट्स काउंसलिंग के लिए 12 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। यह रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन या ईमित्र के जरिए किए जा सकेंगे,




जिसका शुल्क 5000 रुपए रखा गया है। ऑनलाइन काउंसलिंग के दौरान कॉलेज चुनने के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क अदा करना जरूरी है। रजिस्ट्रेशन के बाद 7 जुलाई से 14 जुलाई तक कैंडिडेट्स कॉलेज को चुन सकेंगे। काउंसलिंग के दौरान पहले चरण का आवंटन 17 जुलाई 2024 को किया जाएगा। बीएड कॉलेज में एडमिशन के लिए फीस 22 हजार रुपए रखी गई है। यह भी ऑनलाइन या ईमित्र के जरिए जमा करवाई जा सकेगी। यह फीस कॉलेज आवंटन के बाद 17 जुलाई से 23 जुलाई तक जमा की जा सकेगी।

## प्री डीएलएड की आंसर की जारी

विवि ने प्रदेश में 376 डीएलएड कॉलेजों की करीब 26 हजार सीटों पर प्रवेश के लिए प्री डीएलएड 2024 का आयोजन 30 जून को किया था। इस बेसिक स्कूल टीचिंग सर्टिफिकेट (BSTC) एंट्रेंस प्री डीएलएड परीक्षा में 5 लाख 95 हजार 47 कैंडिडेटेस ने परीक्षा दी थी। इसके कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि परीक्षा की उत्तर कुंजी प्रश्न पत्र के सीरीज के अनुसार ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी कर दी है। कैंडिडेट को आंसर की पर किसी भी तरह आपत्ति है तो वह वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर 7 जुलाई शाम 5 बजे जता सकता है। इसके लिए पर्याप्त सबूत व 100 रुपए ऑनलाइन जमा कराने होंगे।

## 19 से 27 जुलाई तक होगा अपवर्ड मूवमेंट

आवंटित कॉलेज में रिपोर्टिंग 17 जुलाई से 26 जुलाई तक होगी। 19 से 27 जुलाई तक अपवर्ड मूवमेंट के लिए आवेदन करना होगा। यह महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के बाद ही हो पाएगा। अपवर्ड मूवमेंट में कॉलेज आवंटन का परिणाम 28 जुलाई को जारी होगा। अपवर्ड मूवमेंट के बाद आवंटित कॉलेज में रिपोर्टिंग 29 जुलाई से 30 जुलाई के बीच करनी होगी।

## ऑनलाइन काउंसलिंग का यह रहेगा शेड्यूल

- ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन : 6 से 12 जुलाई
- कॉलेज चयन : 7 से 14 जुलाई
- पहला कॉलेज आवंटन : 17 जुलाई
- कॉलेज के लिए फीस जमा : 17 से 23 जुलाई
- कॉलेज में रिपोर्टिंग : 17 से 26 जुलाई
- कॉलेज में अपवर्ड मूवमेंट के लिए ऑनलाइन आवेदन : 19 से 27 जुलाई
- अपवर्ड मूवमेंट के बाद कॉलेज आवंटन : 28 जुलाई
- अपवर्ड मूवमेंट में आवंटित कॉलेज में रिपोर्टिंग : 29 व 30 जुलाई




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


## शाश्वत सनातन

*यूं तो भारत देश अजब कहानियों का गजब देश है। जहां जगह-जगह पर भगवान से संबंधित अनेक पवित्र स्थान मिल जाते हैं, जो अपनी अलग-अलग महिमा और इतिहास रखते हैं। इन सब में से सबसे अलग है वह स्थान जहां मां पार्वती ने स्नान करने से पूर्व भगवान गणेश का निर्माण कर उन्हें अपनी गुफा के द्वार पर खड़ा कर दिया था और यह कहा था कि बेटे तुम किसी को भी भीतर मत आने देना। जब भगवान शिव आए और गुफा के अंदर प्रवेश करने की कोशिश की तो आज्ञाकारी पुत्र पार्वती नंदन गणेश ने उन्हें माता पार्वती की आज्ञा के कारण भीतर जाने से रोक दिया था। आज के लेख में जानते हैं भगवान शंकर और गणेश की इसी कहानी के बारे में...*

### कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में स्थित है 1600 साल पुराना मंदिर

# ममलेश्वर जहां भगवान शिव ने काटा था गजानन का शीश



### ...तब लगाया हाथी का सिर

ऐसा करने पर दोनों में भीषण लड़ाई हुई और अंत में भगवान शिव ने गणेश जी का शीश अपने त्रिशूल से काट दिया। जब मां पार्वती को यह पता लगा तो वे अत्यंत क्रोधित हो गई और सारे देवी देवताओं को उन्हें मनाना पड़ा। भगवान शिव को हाथी का सिर मंगवाकर गणेश जी के लगाकर उन्हें पुनः जीवित करना पड़ा। सारे देवी देवताओं ने फिर उन्हें आशीर्वाद दिया और वरदान दिए। जहां यह सारी घटना घटित हुई, वह स्थान कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम की सुरम्य वादी में स्थित है।



### मामल का अर्थ- नहीं जाने देना

यह मंदिर ममलेश्वर मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह 1600 साल पहले बनाया गया था। कल्हण की राजतरंगिणी के अनुसार यह शिव मंदिर था और इसके शिखर पर सोने का कलश रखा हुआ था। मामल का अर्थ होता है नहीं जाने देना। ममलेश्वर मंदिर पहलगाम से 1 किमी की दूरी पर मामल गांव स्थित है। यहां लिद्दर नदी के दूसरी तरफ ममलेश्वर नामक शिव का एक छोटा मंदिर है। इस मंदिर का संबंध 12 शताब्दी के राजा जयसीमा के काल से है। यह मंदिर कश्मीर के सबसे प्राचीन मंदिरों में एक है।

### कश्मीरी आर्किटेक्चर से बना है

ग्रे रंग के पत्थर से बना यह मंदिर, दो स्तरीय पिरामिड नुमा छत से बना है और कश्मीरी आर्किटेक्चर से बना हुआ है। यहां पर भगवान शिव की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर के सामने झरने के रूप में पानी बहता रहता है।



---

## यूथ कॉर्नर

### कॅरिअर परामर्श एक आवश्यकता






अर्चना त्यागी, लेखिका


भारत देश में जनसंख्या के बाद दूसरी बड़ी समस्या है, बेरोजगारी। रोजगार कम हैं और नए रोजगार उत्पन्न करने की गति भी धीमी है। खेद इस बात का है कि उपलब्ध रोजगार भी योग्य लोगों को प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। इसका कारण है जानकारी का अभाव। वर्तमान शिक्षा छात्रों को अक्षर ज्ञान तो करा रही है परंतु रोजगार प्राप्त करने की दिशा नहीं बता रही है। अपने बलबूते पर अपनी पहचान बनाने के संस्कार पैदा नहीं कर पा रही है। इसी का परिणाम है कि छात्रों को उनके भविष्य की राह दिखाने में माता पिता के साथ साथ शिक्षक भी असफल हो रहे हैं। इसीलिए बेरोजगारी एक राष्ट्रीय समस्या बनी हुई है। इस स्थिति में कैरियर परामर्श आवश्यक हो जाता है। इसमें छात्रों की रुचि के अनुसार रोजगार सुझाए जाते हैं, ताकि छात्र उपयुक्त विषय में पढ़ाई कर सकें। अपनी रुचि का कार्य करने में जल्दी थकान नहीं होती है। अधिक समय तक पूरे मनोयोग से कार्य करने पर उस क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। छात्रों की योग्यता को परखने के लिए औपचारिक परीक्षा के साथ साथ कुछ अतिरिक्त परीक्षण भी कराए जाते हैं, जिनसे विभिन्न विषयों में छात्रों की रुचि का पता चल जाता है। छोटी कक्षाओं में पढ़ते-पढ़ते ही यदि छात्रों की गतिविधियों पर ध्यान दिया जाए तो इस बात का पता लगाया जा सकता है कि वह भविष्य में किस क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। किस क्षेत्र में उसे मेहनत करनी चाहिए। बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले अधिकतर छात्र यही जानना चाहते हैं कि कौन सा क्षेत्र उनके लिए उपयुक्त है?

इस प्रश्न का उत्तर देने से पहले मैं बता देना चाहती हूं कि सभी क्षेत्र अच्छे हैं और कोई भी क्षेत्र काम करने में बुरा नहीं है। इसलिए अपनी रुचि के एक से अधिक क्षेत्रों की एक सूची बना लेनी चाहिए। उन क्षेत्रों में से किसमे अभी तक उपस्थिति है? और किसमे अभी तक केवल असफलता मिली है? यह पता लगते ही हम अपनी रुचि का कार्य क्षेत्र चुन सकते हैं और उसमें उच्च सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

---

## शब्दों की सीख

# हेत के आंसू




गजानन्द शर्मा
लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं


सुखराम चाय की चुस्की लेने ही वाला था कि उसे घर के बाहर कार रुकने की आवाज सुनाई दी। उसने एक पल के लिए सोचा यह सुबह सुबह कौन आ गया। फिर उसे ध्यान आया आज तो दाताराम आने वाला है तकाजे के लिए, पर उसने तो शाम को आने के लिए कहा था। इतने में गुडिया ने आकर बताया कि पापा, बुआ व फूफाजी आए हैं। वह मन ही मन बुदबुदाया। दुबळै नै दो आषाढ़। वह उठा और गेट पर पहुंच गया। उसने जीजाजी के हाथ से बैग पकड़ते हुए कहा कि आज यह जोरदार काम किया। पधारो। बच्चे बुआ के पांव छूने लगे। सुखराम और उसकी पत्नी ने भी पांव छुए। जब तक उन्होंने हाथ मुंह धोये सुखराम की पत्नी लक्ष्मी चाय लेकर आ गई।

सुखराम चाय की चुस्की के साथ बोला- मुझे कह देते मैं लेने आ जाता बस स्टैंड। तभी बहन बोली नहीं मंजीत साथ था। वह हमको गाड़ी से छोड़ गया है। कह रहा था शाम को तीन चार बजे तक आएगा तो साथ ले लेगा। मंजीत सुखराम का भांजा है। सरकारी स्कूल में एकाउंटेंट है। उसने कार भी खरीद ली है। सुखराम मन ही मन बातचीत शुरू करने के सूत्र तलाशने लगा। सोच रहा था कोई ऐसी बात मुंह से न निकल जाए कि फिर बात बिगड़ जाए। तभी जीजी बोली, मैं ही दो तीन दिन से मनजीत से कह रही थी कि तेरे मामा से मिला ला। सालभर हो गया मिले ही। सुखराम के बोल अब जाकर फूटे मने भी जीजी फुर्सत ना मिली। कामकाज तो आजकल ढीला ही चल रहा है पर भागदौड में ई टाइम निकळ जावै। सुखराम को लग रहा था; जीजी अब उलहाना दे अब उलहाना दे। पर वह कुछ नहीं बोली। बस इतना ही कहा, कोई बात नां बीरा। टैम मिले जद आ जाइयो। फिर वह अंदर बच्चों के पास चली गई। जीजा जी भी चाय पीकर नहाने चले गए। सुखराम फोन लेकर गेट पर आ गया। जेब आज बिल्कुल खाली थी और घर पर मेहमान आ गए। उसने दो तीन दोस्तों को फोन किया और चार पांच हजार रुपए पेटीएम करने को कहा। पर किसी की ओर से भी सकारात्मक जवाब नहीं मिला। सब के पास जैसे गढा गढाया बहाना था। सही भी है, जब खुद की जेब खाली होतो यार-दोस्तों की जेब पहले से ही टाइट हो जाती है। यारी तो भरी जेब की है।

उसको लग रहा था कि चार-पांच हजार का जुगाड नहीं हुआ तो जाते वक्त जीजी जीजाजी को शगुन भी क्या देगा। तभी जीजा जी नहा कर आ गए। उन्होंने पूछा आजकल कामकाज हाथ में है या अभी यूं ही सुस्ती चल रही है। सुखराम किसी की पार्टनरशिप में मकान बनाने का ठेके लेता था। लेकिन पार्टनर धोखा कर गया। पैसे भी दबा गया और अब काम में भी बाधा बना हुआ है। सुखराम बोला- अभी तो सुस्ती ही चल रही है। जीजाजी - मेरा एक दोस्त है उसने प्लॉट लिया है। ज्यादा काम तो नहीं है चारदीवारी व दो कमरे रसोई बनाने का मन है। बना दो। पैसे वैसे की दिक्कत हो तो मुझे बता देना। काम हाथ में होगा तो और मिल जाएगा। मैं बात करा देता हूं। मैं कहूंगा तो वह इनकार नहीं करेगा। सुखराम को तो लगा-जैसे कोई मन चाही मुराद मिल गई हो। सुखराम के हाथ में चार महीने से कोई काम नहीं था। वह तो छोटा ठेकेदार था और पार्टनर ने मोटा चूना लगा दिया। वह बोला-मिल जाए तो काम करा दूंगा। दो रुपए कम मिल जाएं तो भी कोई बात नहीं। काम तो चले। जीजाजी बोले- इसमें कोई झंझट नहीं है। पैसे पाई की मेरी गारंटी है।

सुखराम को लगा सुबह से जो उसके सिर पर डर का भूत बैठा हुआ था, वह एकाएक उतर गया। पिछली बार जीजी नाराज हुई तो कितना सुनाकर कर गई थी। पर आज तो वह कुछ बोली ही नहीं जैसे कुछ हुआ ही नहीं। इतने में गुड़िया ने आकर कहा- पापा आ जाओ जीम ल्यो। बुआ कह रही है भीतर ही साथ ही बैठकर खा लेंगे। सुखराम को ध्यान आया, दो दिन से पत्नी सब्जी लाने को कह रही थी। वह लाया ही नही और न उसने उसे याद दिलाया। अब उसने बनाया क्या है। वह भीतर गया तो थाली में मीठे चावल गट्टे की सब्जी और फुलके परोसे हुए थे। कोर मुंह में पहुंचा ही नहीं था कि कहने लगी- वाह भाभी क्या सब्जी बनाई है। आज तो जीजी के हाथ को स्वाद याद दिला दिया। सुखराम को हंसी आ गई। वे सब अपनी मां को जीजी कहते थे और बड़ी बहन को बड़ी जीजी कहते थे। तभी सुखराम थोडा गंभीर होकर बोला- जीजी तो भगवान के घर गई अब तो थूं ई म्हारै तो जीजी हैं।

बहन ने एक पल उसके चेहरे की ओर देखा जैसे कुछ पढ़ने का प्रयास कर रही हो। फिर वह बोली- हां इमें तो कैं बात है, मान्या ई गंगा मां है। तभी कार का होर्न बजा। शायद मंजीत आ गया था। उसने वहीं से आवाज लगाई आजा गेट खुला ही है। मंजीत भीतर आया तो लक्ष्मी ने उसे भी खाना परोस दिया। खाना खाने के बाद जीजाजी लेट गए तो उनको झपकी आ गई। तो वह फिर गेट के पास किसी को फोन करने लग गया। कहीं से पांच दस हजार का जुगाड़ बैठ जाए। तभी मंजीत भोजन कर बाहर आ गया।

आते ही उसने तो मामा पर सवाल दाग दिया-क्या हो गया। मां ने तीन दिन से हम बाप बेटों का जीना हराम कर रखा है। कह रही है, वह इतनी परेशानी में है और आप लोगों ने मेरे को बताया ही नहीं। अब मेरे को कुछ पता होता तो बताता। बापू को पता था तो मुझे मालूम नहीं। आप ने भी तो साल भर से कोई फोन नहीं किया। मां कह रही थी किसी ने आपके पैसे दबा लिए और अब काम भी नहीं करने दे रहा है। सुखराम से कोई जवाब देते नहीं बना। फिर मंजीत बोला-आते वक्त रास्ते में बापू आपके लिए एक काम की बात कर आए हैं। मेरे साथी अध्यापक के ही परिवार का काम है। कर लो, वह किसी के दबाव में आने वाले नहीं हैं। काम छोटा है पर, हां करदी तो फिर ना नहीं कहेगा। तभी भीतर से लक्ष्मी की आवाज आई अब जीजी जाएंगी। जीजा जी की झुंवारी कर दो। पत्नी ने कुछ पैसे उसके हाथ में रखे। उसने जीजी व जीजाजी को शगुन के पैसे दिए। जीजी गेट से बाहर निकली तो बोली कुछ नहीं, बस उसके सिर पर हाथ रख दिया। फिर लक्ष्मी से गले मिली तो दोनों की आंखों से गंगा जमुना बहने लगी। लगा सारे गले शिकवे हेत के आंसू बनकर बह गए।

बहन को विदा कर सुखराम कमरे में लौटा तो बेटी कहने लगी- बुआ मम्मी को दो शानदार ओढ़नी देकर गई है। कह रही थी तूं तो मुझे हमेशा ही देती रहेगी। मैं बड़ी हूं कभी मैं भी तो दूं। मम्मी नानी की दी हुई ओढ़णी उनको दे रही थी तो वह भी नहीं ली। कह रही थी कि फिर आउंगी तो ले लूंगी। बस मम्मी से सौ रुपए लेकर गई हैं। फिर अपना मुंह उसके कान के पास ले जाकर धीरे से बोलने लगी। जैसे डर हो कि दीवारें भी सुन लेंगी। कहा- बुआ ने मां को बहुत से रुपए भी दिए हैं। कह रही थी, यह उनके ही हैं। जब उनको जरूरत होगी तो तब वह वापस ले लेंगे। मम्मी तो मना कर रही थी, पर बुआ ने जबरदस्ती उनके हाथ पर रख दिए। अब आंसुओं की बारी सुखराम की थी। वह साल भर तक कितना अहंकार लिए मन में बैठ रहा और बहन को पता चला तो कृष्ण की तरह दौडी आ गई। अब वह हिचकियां भर कर रो रहा था। और लक्ष्मी उसको किसी बच्चे की तरह सहला रही थी। पास में खडी गुड़िया आश्चर्य से देख रही थी कि बुआ ने तो कुछ कहा ही नहीं फिर पापा क्यों रो रहे हैं। पर सुखराम के आंसू थे कि थमने का नाम भी नहीं ले रहे थे।

---

## पुस्तक समीक्षा

### छोटी कहानियां, बड़ा संदेश





जाहिद खान
स्वतंत्र लेखक


'हंगल साहब, जरा हंस दीजिए' कवि हरि मृदुल का पहला कहानी संग्रह है। अपने पहले ही कहानी संग्रह में उन्होंने जिस सिद्धहस्तता से कहानियों को बुना है, वह आश्चर्यचकित करता है। कहानी लिखने के लिए एक संवेदनशील मन और जिस सधी हुई भाषा की जरूरत होती है, वह हरि मृदुल के पास है। सीधा-सादा शिल्प, विषयों के चुनाव में विविधता और कहने का ढंग निराला।

यही वजह है कि यह कहानियां बहुत अच्छी बन पड़ी हैं। किताब में उनकी छोटी-छोटी कुल बीस कहानियां संकलित हैं। कवि-कथाकार-पत्रकार हरि मृदुल की जीवन-यात्रा उत्तराखंड के छोटे से गांव बगोटी से शुरू हुई, और अब वह बरसों से महानगर मुंबई में हैं। इस जीवन-यात्रा में उनके साथ जो अनुभव पेश आए, उन्होंने उन्हें कहानी का रूप दिया है। इन कहानियों में पहाड़ी जीवन और वहां के निवासियों का सरल मन है, तो महानगरीय जिंदगी की दुश्वारियां भी मुखरता से सामने आई हैं। मायानगरी मुंबई में बॉलीवुड भी है। फिल्मी दुनिया को लेखक ने बेहद करीब से देखा है। यही वजह है कि शीर्षक कहानी 'हंगल साहब, जरा हंस दीजिए' के अलावा संग्रह की चार और कहानियां 'पृथ्वी में शशि', 'कपिल शर्मा की हंसी', 'ढेंचू' और 'लता मंगेशकर की चोटी' के सब्जेक्ट फिल्मी दुनिया से मुताल्लिक हैं। इस दुनिया का असली चेहरा, वह सामने लेकर आए हैं। कहानी कहने का ढंग कुछ-कुछ रिपोर्ताज सा है। कहानी 'पटरी पर गाड़ी', मुंबई में आज से उन्नीस साल पहले आई भयानक बाढ़ पर केन्द्रित है। इस मार्मिक कहानी के पीछे एक संदेश भी है कि महानगरों के विस्तार के साथ एक प्लानिंग भी जरूरी है। कहानी 'आलू' में लेखक ने बड़े ही सीधे-सादे और मनोरंजक ढंग से बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लूट को उजागर किया है। टेलीविजन ने हमारे संयुक्त परिवार को किस तरह से तोड़ा, युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया, कहानी 'धनुष-बाण' का केन्द्रीय विषय है।

'अर्जन्या', 'आमा', 'मैं पिता को देख रहा था', 'पीतल के गिलास', 'पानी में पानी' पहाड़ी जीवन और सघन मानवीय संवेदनाओं की कहानियां हैं। 'मैं पिता को देख रहा था' और 'पीतल के गिलास' पिता-पुत्र के रिश्तों पर भावनात्मक कहानियां हैं, जो हमें अंदर तक भिगो जाती हैं। 'पानी में पानी' भी इसी कैटगरी की कहानी है। छोटी-छोटी यह कहानियां अपने प्रभाव में काफी बड़ी हैं। हमारी सोयी हुई संवेदनाओं को जगाती हैं। कहानी 'बिल्ली' और 'घोंघा' अपने आकार की वजह से लघु कहानी की श्रेणी में डाली जा सकती हैं। इन कहानियों में बिला वजह का विस्तार नहीं है। ये बड़े ही सीधे-सादे ढंग से कही गई हैं।




*लेखक: हरि मृदुल*
*प्रकाशक: आधार प्रकाशन, पंचकूला (हरियाणा)*
*कुल पृष्ठ: 110*
*मूल्य: 150 रुपए*

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर महा विकास अघाड़ी में टकराव के आसार बढ़े

# कांग्रेस राज्य की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की करेगी तैयारी: नाना पटोले

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दलों ने रणनीतियां बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने शनिवार को कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में सभी सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी करेगी, लेकिन अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के समझौते के अनुसार ही चुनाव लड़ेगी। पटोले के इस बयान के बाद राजनीतिक



क्षेत्रों में यह अटकले शुरू हो गई हैं कि इससे महा विकास अघाड़ी में असहजता उत्पन्न हो सकती है

पटोले ने नागपुर में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, अगर पार्टी सभी सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी करती है तो यह गलत नहीं होगा। हमारे गठबंधन के सहयोगी भी ऐसी तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर जगह अपना संगठनात्मक ढांचा होना चाहिए और उसे काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे के आधार पर गठबंधन बनाया जाएगा। हम महा विकास अघाडी (एमवीए) गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ेंगे। महाविकास अघाडी में शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं।

### बैकफुट पर है मोदी सरकार

नाना पटोले ने कहा कि राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद की यह भविष्यवाणी सच हो सकती है कि नरेंद्र मोदी की सरकार अगले महीने गिर सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि सरकार बैकफुट पर है और कोई भी दावे के साथ यह नहीं बता सकता कि सहयोगी दल कितने समय तक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा, कुछ भी हो सकता है। हम देख सकते हैं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए भाषण के बाद सरकार किस तरह 'बैकफुट' पर आ गई है।

### क्रिकेटरों को 11 करोड़ देने पर सरकार पर भड़का विपक्ष

महाराष्ट्र में विपक्षी दल कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी)ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम को 11 करोड़ रुपए का इनाम देने की एकनाथ शिंदे नीत सरकार की घोषणा पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि ऐसा करके सरकार अपनी पीठ थपथपाना चाहती है। विपक्षी दलों ने कहा कि उन्हें क्रिकेटरों की उपलब्धि पर गर्व है, लेकिन राज्य के खजाने से 11 करोड़ रुपए देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह राशि अपनी जेब से देने को कहा। (भाजपा) के विधायक प्रवीण दरेकर ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। सीएम शिंदे ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 11 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा विधान भवन में की गई, जहां टीम के मुंबई के चार खिलाड़ियों-कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया। बाद में, पत्रकारों से बातचीत में राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने कहा, राज्य के खजाने से 11 करोड़ रुपए देने की क्या जरूरत थी? यह अपनी पीठ थपथपाने के लिए है...खजाना खाली होने दो... गरीबों को मरने दो। लेकिन सरकार अपनी पीठ थपथपाना चाहती है।" विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने भी यही बात कही।

### आंध्र प्रदेश में जारी रहेगा मुस्लिम आरक्षण: नायडू



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि उनका दल पहले ही कह चुका है कि मुसलमानों को दिया गया आरक्षण सामाजिक न्याय के लिए है, न कि तुष्टीकरण के लिए। उन्होंने कहा कि राज्य में मुसलमानों का आरक्षण जारी रहेगा। नायडू ने अपनी दिल्ली यात्रा के अंत में मीडिया से बातचीत के दौरान यह बात कही। नायडू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी और राज्य के पुनर्निर्माण के लिए सहयोग की अपील की थी। राजग की ओर से प्रस्तावित किसी केंद्रीय समिति का नेतृत्व उनकी पार्टी के दिए जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जब भी जरूरत होगी, मैं तैयार हूं। यदि राजग की ओर से कोई प्रस्ताव आता है, तो मैं इस पर विचार करूंगा।

### तमिलनाडु बसपा प्रमुख की हत्या, 8 संदिग्ध पकड़े

**चेन्नई।** तमिलनाडु प्रदेश बसपा अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में 8 संदिग्धों को पकड़ा गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर) असरा गर्ग ने बताया कि पुलिस ने इस मामले को सुलझाने के लिए 10 टीम गठित की हैं। उन्होंने कहा कि इस हत्या के पीछे 2-3 संदिग्ध मकसद नजर आ रहे हैं। इनसे पूछताछ के बाद ही पता चल पाएगा कि किस कारण इस घटना को अंजाम दिया गया। इस बीच, आर्मस्ट्रांग की हत्या को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं ने चेन्नई में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। चेन्नई के पूनमल्ली हाई रोड पर ट्रैफिक जाम हो गया था, जहां बसपा समर्थकों ने राजीव गांधी सरकारी अस्पताल के बाहर सड़क पर आवाजाही को रोक दिया। इसी हॉस्पिटल में पार्टी की स्टेट यूनिट के चीफ आर्मस्ट्रांग का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है।

गृह मंत्री का कांग्रेस पर वार, कहा-सहकारिता मंत्रालय का नहीं किया गठन

# हर जिले में होगा एक सहकारी बैंक व दुग्ध उत्पादक संघ: शाह

एजेंसी | अहमदाबाद

केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कई सालों से अलग सहकारिता मंत्रालय के गठन की मांग की जा रही थी। लेकिन कांग्रेस ने ऐसा करना उचित नहीं समझा। वहीं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता विभाग की जरूरत को समझा और एक अलग मंत्रालय का गठन किया। इसके साथ ही शाह ने कहा कि केंद्र ने देश के प्रत्येक जिले में एक सहकारी बैंक और एक दूध उत्पादक संघ बनाने का लक्ष्य रखा है। अगले पांच वर्षों में ऐसी दो लाख पंचायतों में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस या पैक्स) भी स्थापित की जाएंगी, जहां कोई सहकारी संस्था नहीं है। शाह ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के मौके पर गुजरात के गांधी नगर में आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के अस्तित्व में आने से लेकर आज देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार ने लक्ष्य रखा है कि देश में ऐसा कोई राज्य या जिला न हो, जहां जिला सहकारी बैंक और जिला दुग्ध उत्पादक संघ न हो। आज भी देश में दो लाख पंचायतें ऐसी हैं, जहां कोई सहकारी संस्था नहीं है। अगले पांच साल में हम इन दो लाख पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स बनाने का काम करेंगे।




### नाबार्ड से की ये अपील

उन्होंने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और राज्य सहकारी बैंकों से पैक्स और अन्य सहकारी संस्थाओं के लिए जिला या राज्य सहकारी बैंकों में अपने खाते खोलने की व्यवस्था करने का आग्रह किया, जिससे सहकारी क्षेत्र मजबूत होगा। शाह ने कहा कि जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने और जैविक खेती करने वाले किसानों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड की स्थापना की है। उन्होंने घोषणा की कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और उपभोक्ता सहकारी संस्थाएं भी 100 प्रतिशत एमएसपी पर चार प्रकार की दालें खरीदेंगी।

### राष्ट्रीय सहकारिता नीति जल्द

उन्होंने कहा कि केंद्र जल्द ही राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाएगा। उन्होंने कहा कि देश में 1,100 नए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाए गए हैं और एक लाख से अधिक पैक्स ने नए उपनियमों को स्वीकार कर लिया है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) 2,000 करोड़ रुपउ के बॉन्ड जारी करने से अधिक सहकारी संस्थाओं के कल्याण के लिए काम कर सकेगा।

### सहकारिता को अर्थ तंत्र का मजबूत स्तंभ बनाने का किया आह्वान

शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने तीन मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव संस्थाएं भी बनाई हैं - ऑर्गेनिक समिति, एक्सपोर्ट समिति और बीज समिति। इनके माध्यम से किसानों के जीवन को समृद्ध करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। शाह ने देशभर के सहकारिता क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा उनसे सहकारिता को देश के अर्थ तंत्र का एक मजबूत स्तंभ बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि हमें सहकारिता को न सिर्फ एक मज़बूत स्तंभ बनाना है बल्कि इसके माध्यम से देश के करोड़ों गरीबों के जीवन में सुविधाएं, समृद्धि और आत्मविश्वास जगाने का काम भी करना है। शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि जब 2029 में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाएगा, उस दिन देश में एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी जहां पैक्स नहीं होगा।

शिक्षा माफिया को बढ़ावा देने का आरोप

# NEET को लेकर सफेद झूठ बोल रही है सरकार: खरगे

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की काउंसलिंग में देरी तथा उच्चतम न्यायालय में दायर केंद्र सरकार के हलफनामे को लेकर शनिवार को कहा कि लाखों युवाओं से सफेद झूठ बोला जा रहा है तथा उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि नीट-यूजी में कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि केवल कुछ जगहों पर अनियमितताएं/चीटिंग हुई हैं। यह गुमराह करने वाली बात है।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूरी शिक्षा प्रणाली को अपने कब्ज़े में रखकर शिक्षा माफिया को बढ़ावा दिया है। ज्ञात रहे किविवादों में घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने की बढ़ती मांग के बीच, केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि इसे रद्द करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए, काफी हानिकारक होगा।




### फिर से कराई जाए नीट- यूजी

खरगे ने कहा, एनसीईआरटी की किताबें हों या परीक्षा में गड़बड़ी, मोदी सरकार हमारी शिक्षा व्यवस्थाओं को तबाह करने पर तुली है। उन्होंने कहा, नीट-यूजी को फिर से कराया जाए और पारदर्शी तरीके तरह से ऑनलाइन कराया जाए। उच्चतम न्यायालय की देखरेख में सभी पेपर लीक घोटालों की गहन जांच हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

### इस माह के अंत तक हो सकती है काउंसलिंग

सूत्रों ने जानकारी दी है कि नीट-यूजी 2024 के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया इस माह के अंत तक शुरू हो सकती है। काउंसलिंग सत्र जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना थी। हालाँकि, काउंसलिंग अधिकारियों ने कोई तारीख या कार्यक्रम अधिसूचित नहीं किया था।

धनखड़ ने की चिदंबरम के बयान की आलोचना, कहा...

# सांसदों पर टिप्पणी अपमानजनक, वापस लें

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम की उस टिप्पणी की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि तीन नए आपराधिक कानूनों का मसौदा अंशकालिक (पार्ट-टाइमर) लोगों ने तैयार किया था। उन्होंने इसे 'अक्षम्य' करार दिया और इस बयान को अपमानजनक बताते हुए वापस लेने का आग्रह किया।



धनखड़ ने कहा, सुबह जब एक राष्ट्रीय दैनिक में चिदंबरम के साक्षात्कार को पढ़ा तो वह स्तब्ध रह गए। उन्होंने कहा, क्या हम संसद में पार्ट-टाइमर हैं? यह संसद की बुद्धिमता का अक्षम्य अपमान है। उन्होंने कहा, इस तरह की कहानी (नैरेटिव) को आगे बढ़ाया जा रहा है और एक सांसद को पार्ट-टाइमर के रूप में बताया जा रहा है। धनखड़ भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने आगे कहा, जब जानकार दिमाग जानबूझकर आपको भटकाते हैं, तो हमें सतर्क रहने की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि संसद ने हमें औपनिवेशिक विरासत से मुक्त करके युगांतरकारी आयाम वाले तीन कानून देकर एक महान काम किया है।

उन्होंने कहा, जब सदन में तीनों कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर बहस चल रही थी, तब प्रत्येक सांसद को बोलने का अवसर मिला था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल का आरोप

# केजरीवाल को राजग सांसद के झूठे बयान पर किया अरेस्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि उनके पति को राजग के एक सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी के एक झूठे बयान पर गिरफ्तार किया गया। रेड्डी आंध्र प्रदेश से सांसद हैं। 17 सितंबर 2022 को रेड्डी के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की रेड हुई थी। सुनीता ने एक वीडियो संदेश जारी कर यह बात कही है। सुनीता ने बताया कि जब तक रेड्डी ने सीएम केजरीवाल के खिलाफ बयान नहीं दिया, ईडी ने मगुंटा के बेटे की जमानत नहीं होने दी और सीएम के खिलाफ बयान देते ही दो दिन के अंदर ही एमएसआर के बेटे की जमानत हो गई। सुनीता ने कहा कि अपने बेटे को जेल से निकलवाने के लिए एमएसआर ने झूठा बयान दिया।



### आप को खत्म करना चाहते हैं मोदी: सुनीता

सुनीता ने कहा कि पीएम मोदी ईडी-सीबीआई के जरिए झूठे मामले में उनके नेताओं को फंसाकर पार्टी को खत्म करने में लग गए हैं। लेकिन हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है कि वह बेदाग होकर जरूर बाहर आएंगे।

सुनीता ने कहा कि केजरीवाल को एक गहरे राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार बनाया गया है।

गुजरात दौरे में नेता प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

# जैसे हमारा कार्यालय तोड़ा, वैसे हम भाजपा की सरकार तोड़ेंगे: राहुल

### यह भी बोले राहुल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुब्बारा फट चुका है
- नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को गुजरात में वैसे ही हराएंगे, जैसा हमने अयोध्या में किया

एजेंसी | अहमदाबाद

गुजरात में कांग्रेस के कार्यालय के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं से झड़प के बाद शनिवार को अहमदाबाद पहुंचे राहुल गांधी ने अपने संबोधन में पीएम मोदी को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी गुजरात में भाजपा को उसी तरह हराएगी, जैसे उसने हालिया लोकसभा चुनाव में अयोध्या में उसे हराया।

राहुल ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने अयोध्या में भाजपा की हार का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा गुब्बारा फट चुका है। वे कहते हैं कि उनकी सीधे ईश्वर से बात होती है तो फिर वे अयोध्या कैसे हार गए? राहुल गांधी ने कहा, उन्होंने (भाजपा ने) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर




ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को गुजरात में हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था।

राहुल गांधी ने कहा कि मैंने संसद में अयोध्या के सांसद से पूछा कि भाजपा अयोध्या में क्यों हार गई? उन्होंने कहा कि अयोध्या के लोगों से जमीनें छीनी गईं, लोगों के दुकान-घर तोड़े गए और उन्हें मुआवजा नहीं दिया गया। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नाम पर किसानों की जमीन ली गई, आज तक मुआवजा नहीं दिया गया। राम मंदिर के उद्घाटन में अयोध्या की जनता को नहीं बुलाया गया। इसीलिए अयोध्या की जनता गुस्से में थी और उन्होंने भाजपा को हरा दिया। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी अयोध्या से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उनके सर्वेक्षकों ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह देते हुए कहा कि वह हार जाएंगे।

### राहुल के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन

राहुल गांधी के अहमदाबाद दौरे पर बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। वे राहुल के लोकसभा में हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान से नाराज हैं।

### अभय मुद्रा में रहना है, डरना नहीं है

राहुल गांधी ने कहा कि आप को अभय मुद्रा में रहा है। डरना नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणापत्र ने भाजपा को बैकफुट पर ला दिया था। गुजरात के लिए भी हमें ऐसा ही मेनिफेस्टो बनाना है, लेकिन गुजरात के लोगों के साथ बातचीत करके बनाना है।

### 2017 में तीन महीने की मेहनत से फिनिश लाइन तक पहुंच गई थी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 2022 के विधानसभा चुनाव ठीक से नहीं लड़ी थी। इससे पहले 2017 के चुनावों को पार्टी ने मजबूती से लड़ा था। इसके चलते पार्टी सिर्फ तीन महीने की मेहनत में फिनिश लाइन तक पहुंच गई थी। पार्टी सिर्फ 16 सीटों से सरकार बनाने से रह गई थी। राहुल गांधी ने कहा कि अभी तीन साल हैं। अगर हम गुजरात में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए जुट जाएंगे तो फिनिश लाइन को पीछे छोड़कर आगे निकल जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात में जीतेगी और इस राज्य से वह एक नई शुरुआत करेगी।

### क्यों नाराज हैं राहुल गांधी

अहमदाबाद के पालडी इलाके में कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव गांधी भवन के बाहर दो जुलाई को कांग्रेस और भाजपा के सदस्यों के बीच झड़प हो गई थी। राहुल गांधी ने इसी घटना का जिक्र करते हुए यह बात की। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों में पथराव हुआ जिसमें एक सहायक पुलिस आयुक्त सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## जरूरी खबर

### भरभरा कर गिरी 6 मंजिला इमारत, एक शव बरामद

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में शनिवार दोपहर सचिन पाली इलाके में एक छह मंजिला इमारत अचानक से भरभरा कर ढह गई। जिसमें कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस और बचाव टीम ने हादसे के बाद मलबे से एक शव बरामद किया है। सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने बताया, कि दोपहर करीब 3 बजे सचिन इलाके में एक छह मंजिला इमारत ढह गई। इस इमारत में रहने वाले कई लोग मलबे में फंसे हैं। पुलिस और दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। मलबे में दबी एक महिला को सफलतापूर्वक बचा लिया गया। इस इमारत के अंदर 30 फ्लैट में से 4-5 फ्लैट में कुछ लोग रह रहे थे और बाकी फ्लैट खाली थे। हादसे के वक्त इमारत में रहने वाले कई लोग काम पर गए हुए थे और कई लोग रात की शिफ्ट के बाद इमारत में सो रहे थे, जो फंस गए।

### असम में बाढ़ से 24 लाख लोग प्रभावित



**गुवाहाटी।** असम में शनिवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही। कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं हैं। बाढ़ से 30 जिलों के 24.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। इस साल बाढ़ से 52 लोग जान गवा चुके हैं जबकि भूस्खलन और तूफान से 12 लोगों की मौत हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बात कर राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के सीएम हिमंत बिश्वा सरमा से बात कर बाढ़ और बारिश के चलते पैदा हुए हालात की जानकारी ली।

### देह व्यापार पर NHRC का राज्यों को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने महिलाओं को देह व्यापार में धकेले जाने पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किए हैं जिनमें कहा गया है कि महिलाओं को आकर्षक नौकरी देने के बहाने असामाजिक तत्वों द्वारा कथित तौर पर देह व्यापार के लिए मजबूर किया जा रहा है। NHRC ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर महिलाओं को देह व्यापार में धकेलने वाले असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए उठाए और प्रस्तावित कदमों पर रिपोर्ट मांगी है।

## 'उत्कलमणि' पंडित गोपबंधु दास की सेवाओं को सराहा



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को भुवनेश्वर में 'उत्कलमणि' पंडित गोपबंधु दास की 96वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने देश के लिए गोपबंधु दास की सेवाओं को सराहा। गोपबंधु दास ओडिशा के एक सामाजिक कार्यकर्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं साहित्यकार थे।

### जगन्नाथ रथ यात्रा आज से, राष्ट्रपति पहुंचीं भुवनेश्वर



**पुरी।** ओडिशा के पुरी में रविवार को होने वाली वार्षिक श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मौसी गुंडिचा देवी के मंदिर तक जाने के लिए भगवान जगन्नाथ के साथ उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथ सज चुके हैं। आषाढ़ मास की द्वितीया को होने वाले इस यात्रा के भव्य आयोजन में देश-विदेश से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी पहुंचने का अनुमान है। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भुवनेश्वर पहुंच चुकी हैं। इस ऐतिहासिक यात्रा की सुरक्षा के लिए पुलिस ने चौक-चौबंद व्यवस्था की है। भीड़ को नियंत्रित करने लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल करने का फैसला किया गया है। एडीजी (कानून व्यवस्था) संजय कुमार के हवाले से कहा गया है कि पुलिस पहली बार एआई कैमरों और ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है।

**J&K: कुलगाम में दो जगहों पर मुठभेड़ जारी**

# सुरक्षा बलों ने चार आतंकियों को किया ढेर, दो जवान शहीद

**एजेंसी** | श्रीनगर

दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम में चिन्नीगाम गांव और मोदेरगाम गांव में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने चार आंतकवादियों को मार गिराया जबिक दो जवान शहीद हो गए।

अधिकारियों के अनुसार पहली मुठभेड़ कुलगाम के मोदरगाम में हुई। यहां पर आतंकियों के छिपे होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जैसे ही सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर कर सर्च आपॅरेशन शुरू किया तो छिपे हुए आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। बाद में हुई मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया है।

इसके अलावा कुलगाम के ही चिन्नीगाम इलाके में भी मुठभेड़ हुई है। जिसमें आपॅरेशन के दौरान चार आतंकियों को मार गिराया गया है। बताया गया है कि आतंकियों के शव मौके पर ही पड़े हुए हैं। उनकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस इलाके में और आतंकियों के छिपे होने की संभावना हो सकती है। इसलिए आपॅरेशन को जारी रखा गया है। ज्ञात रहे कि इन दिनों श्री अमरनाथ यात्रा चल रही है। ऐसे में सुरक्षा को कड़ा रखा गया है।



#### इलाके में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती

सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ से प्रभावित इलाकों की घेराबंदी कर दी है। साथ ही आम नागरिकों की सुरक्षा के लेकर इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भी तैनात कर दिए गए हैं। हाल के कुछ दिनों में इन क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले महीने ही सुरक्षा बलों ने डोडा जिले के गंडोह इलाके में तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। इससे पहले सुरक्षा बलों ने पुलवामा में दो आतंकियों को मार गिराया था। ये दोनों आतंकी लश्कर-ए-तैयबा की ब्रांच द रेजिस्टेंस फ्रंट के दो शीर्ष कमांडर थे।

#### अभियान जारी रहेगा

अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल की ड्रोन फुटेज में चार शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन गोलीबारी अभी भी जारी रहने के कारण शव अभी बरामद नहीं किए जा सके हैं। मुठभेड़ स्थल का दौरा करने वाले कश्मीर के आईजी वी.के. बिरधी ने कहा कि सुरक्षा बलों का अिभयान जारी रहेगा। उन्होंने कहा मुठभेड़ स्थल श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक नहीं बल्कि जिले के अंदरूनी इलाकों में है।

**मोदी की ब्रिटेन के नए पीएम से फोन पर बात, भारत आने का दिया न्योता**

## FTA को जल्द पूरा करने पर सहमत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से शनिवार को फोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच अलग-अलग मुद्दों पर लंबी बातचीत हुई। मोदी और स्टार्मर ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। एक बयान में यह जानकारी दी गई। पीएम मोदी ने स्टार्मर को प्रधानमंत्री बनने और चुनाव में उनकी लेबर पार्टी की शानदार जीत पर बधाई दी। बयान के अनुसार दोनों नेताओं ने भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक संबंधों को याद किया। दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने व आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता जताई गई।

ब्रिटेन के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में भारतीय समुदाय के सकारात्मक योगदान की सराहना की गई। मोदी और स्टॉर्मर ने लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।



#### जयशंकर के 'दोस्त' डेविड लैमी बने विदेश मंत्री

डेविड लैमी को ब्रिटेन का विदेश मंत्री नियुक्त किया। लैमी भारत के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के पैरोकार हैं और विदेश मंत्री जयशंकर को अपना 'मित्र' बताते हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह लंदन में 'इंडिया ग्लोबल फोरम' में कहा था कि यदि चुनावों में लेबर पार्टी सत्ता में आती है तो वह अपने कार्यकाल के पहले महीने के भीतर भारत का दौरा करने का इरादा रखते हैं। जयशंकर ने लैमी को ब्रिटेन का विदेश मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी।

मोदी ने स्टार्मर को जल्द भारत आने का निमंत्रण भी दिया और दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

**हाथरस दुखान्तिका : न्यायिक आयोग ने शुरू की जांच**

## मुख्य आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**एजेंसी** | हाथरस

हाथरस सत्संग हादसे की न्यायिक आयोग ने शनिवार को जांच शुरू कर दी है। शनिवार को आयोग के अध्यक्ष रिटायर्ड जज ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम ने सिकंदराराऊ में घटना स्थल पर जाकर जांच की। वहीं, हादसे के मुख्य आरोपी और प्रमुख सेवादार देवप्रकाश मधुकर के साथ ही दो अन्य आयोजकों को पुलिस ने शनिवार को अदालत में पेश किया। कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने उनको शुक्रवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। न्यायिक आयोग के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव और दो सदस्य शनिवार पुलिस लाइन पहुंचे। जहां डीएम और एसपी के साथ-साथ एक घंटे तक दो जुलाई के पूरे प्रकरण की जानकारी हासिल की। उसके बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची और उसका अवलोकन किया।



#### मधुकर हर आयोजन के लिए करता था धन एकत्रित!

एसपी निपुण अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि हादसे के मुख्य आरोपी और एक लाख के इनामी मधुकर को हाथरस की एसओजी टीम ने शुक्रवार को दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार किया। पुलिस ने सेवादार संजू यादव, रामप्रकाश शाक्य को भी पकड़ा है। अब तक नौ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उन्होंने सूरजपाल के वकील एपी सिंह के समर्पण के दावे को गलत बताया। एसपी ने बताया कि मधुकर से कुछ समय पूर्व कई राजनीतिक पार्टियों ने संपर्क किया था। उसके फंड इकट्ठा करने के संबंध में जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि मधुकर ही हर सत्संग आयोजन के लिए फंड एकत्रित करने का काम करता था।

### उत्तराखंड: भारी बारिश का अलर्ट यात्रा स्थगित

**देहरादून।** उत्तराखंड में भारी बारिश के अलर्ट के बाद चारधाम यात्रा को स्थगित कर दिया गया है।

तीर्थ यात्रियों से अपील है कि वे ऋषिकेश से आगे यात्रा पर न निकलें और जो भक्तजन यात्रा रूट पर पर हैं वे सफर के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तान को हाई अलर्ट पर रहने की सख्त हिदायत दी है। राज्य के 13 में से नौ जिलो में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

#### भारतवंशी लिसा नंदी बनी संस्कृति मंत्री



स्टार्मर की कैबिनेट में 25 मंत्रियों में रिकॉर्ड 11 महिलाएं हैं। इनमें भारतीय मूल की लिसा नंदी को संस्कृति मंत्री बनाया गया है। वह विगान से फिर से चुनकर आई हैं। 44 वर्षीय नंदी ने कहा कि ब्रिटेन के संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग (डीसीएमएस) का प्रमुख बनना एक अविश्वसनीय विशेषाधिकार है। स्टार्मर ने शनिवार को अपनी पहली कैबिनेट बैठक बुलाई। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

#### भारतीय मूल के 26 सांसदों को मिली जीत

ब्रिटेन में हुए चुनाव में भारतीय मूल के रिकॉर्ड 26 सांसदों को जीत मिली है। यह पांच साल पहले के 15 से अधिक है। पूर्व पीएम ऋिष सुनक के अलावा जीत हासिल करने वालों में 20 लेबर पार्टी से, जबकि पांच डेमोक्रेटिक पार्टी से संबंधित हैं।

**डीआरडीओ व एलएंडटी ने विकसित किया लाइट टैंक जोरावर**

# 'जोरावर' बढ़ाएगा सेना का जोर, लद्दाख में तैनात करने की है तैयारी

**टी-72 और टी-90 टैंकों की तुलना में वजन में हल्का**

**एजेंसी** | हजीरा

चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच भारत स्वदेशी लाइट टैंक 'जोरावर' को विकसित कर रहा है। भारत ने इसके निर्माण की दिशा में अहम पड़ाव को पार कर लिया है। 'जोरावर' लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके सेना में शामिल होने से चीन के खिलाफ भारत की स्थिति अधिक मजबूत होगी। पर्वतीय इलाकों में यह टैंक और तेज गति से चल सकता है। यह भारत के प्रमुख टैंक टी-72 और टी-90 की तुलना में वजन में हल्का होगा। इस टैंक को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और निजी क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) ने बनाया है। स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर अपने ट्रायल के एडवांस स्टेज में हैं। जोरावर को भारतीय सेना की जरूरतों के अनुसार विकसित किया गया है ताकि उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इसकी तैनाती आसानी से की जा सके। इसके डिजाइन और निर्माण में नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया गया है। डीआरडीओ प्रमुख डॉ. समीर वी. कामत ने शनिवार को गुजरात के हजीरा स्थित लार्सन एंड टूब्रो संयंत्र में प्रोजेक्ट की प्रगति की खुद समीक्षा की।



#### जोरावर की खूबियां

- फील्ड आर्टिलरी- FV433, 105 एमएम
- कॉक्सियल मशीन गन- 7.62 एमएम
- वजन- 25 टन
- बैठने की क्षमता- 3 लोग
- ताकत- 1000 हॉर्स पावर
- स्पीड-70 किलोमीटर प्रतिघंटा
- ऑफरोड-35 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा

#### शुरू में मिलेंगे 59 टैंक

हल्के टैंक जोरावर का वजन 25 टन है। यह पहली बार है, जब इतने कम समय में किसी नए टैंक को डिजाइन करके परीक्षण के लिए तैयार किया गया है। शुरुआत में सेना को 59 टैंक दिए जाएंगे। सेना को ऐसे ही 295 और बख्तरबंद वाहनों की जरूरत है। माना जा रहा है कि यही टैंक सेना की आगे की खरीद में सबसे आगे हो सकते हैं। भारतीय वायु सेना सी-17 श्रेणी के कार्गो विमान में एक बार में दो टैंक ले जा सकती है, क्योंकि यह टैंक हल्के हैं और इसे पहाड़ी घाटियों में गति स्पीड से चलाया जा सकता है।

#### 3 श्रेणी होती हैं टैंकों की

डीआरडीओ टैंक लैब के निदेशक राजेश कुमार ने बताया, आम तौर पर तीन अलग-अलग प्रकार के टैंक होते हैं। वजन के आधार पर तीन श्रेणियां होती हैं- भारी टैंक, मध्यम टैंक और हल्के टैंक। हर एक की अपनी भूमिका होती है। एक सुरक्षा के लिए और एक आक्रमण के लिए और ये हल्के टैंक दोनों के लिए मिश्रित भूमिका निभाते हैं।

#### रूस-यूक्रेन युद्ध से सबक

डीआरडीओ और एलएंडटी ने रूस और यूक्रेन युद्ध से सबक लेते हुए टैंक में बेहद कमाल के फीचर्स जोड़े हैं। इसमें टैंक के लोइटरिंग म्यूनिशन में यूएसवी (मानवरहित सतह वाहन) को इंटीग्रेट किया गया है। लोइटरिंग म्यूनिशन एक प्रकार का हथियार है जो टारगेट एरिया में मंडराता है और सही समय पर निशाना साधकर हमला करता है। इसे कामीकाजी ड्रोन के नाम से भी जाना जाता है। ये म्यूनिशन ऑटोमैटिक होते हैं और इन्हें पहले से निर्धारित लक्ष्य या क्षेत्रों में भेजा जा सकता है। जब ये अपना लक्ष्य पहचान लेते हैं, तो वे सीधे उस पर हमला करते हैं, जिससे अधिक सटीक और प्रभावी हमले किए जा सकते हैं।

#### 2027 तक सेना में होगा शामिल

अपनी हल्के वजन और उच्च क्षमताओं के कारण यह टैंक भारी वजन वाले टी-72 और टी-90 टैंकों की तुलना में पहाड़ों में खड़ी चढ़ाई और नदियों और अन्य जल निकायों को अधिक आसानी से पार कर सकता है। डीआरडीओ प्रमुख डॉ. कामत के अनुसार, सभी परीक्षणों के बाद टैंक को वर्ष 2027 तक भारतीय सेना में शामिल किया जा सकता है।

## श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र से नाटक में दी जीवन को सफल करने की सीख

# मनुष्य जब तक ईश्वर में विश्वास रखेगा... बुरे कर्मों से दूर रहेगा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शनिवार को पावन चिंतन धारा आश्रम के सांस्कृतिक प्रकल्प परिवर्तन की ओर से नाट्य प्रस्तुति कृष्ण का आयोजन किया गया। आश्रम के कलाकारों ने नाटक का मंचन किया। नाटक में दर्शाया गया कि श्री कृष्ण जिन्हें हम भगवान मानते हैं, उन्हे दिन रात भजते भी हैं, परंतु क्या हम भगवान कृष्ण के सही स्वरूप को जानते हैं? क्या हम उनके द्वारा दी गई शिक्षा को समझते हैं? इन सवालों से प्रेरणा लेकर कलाकारों ने डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' के मार्गदर्शन में यह नाटक तैयार किया।

दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, लखनऊ और अमृतसर में सफल आयोजन के बाद राजस्थान में पहली बार इस नाटक का मंचन हुआ। दर्शकों ने न सिर्फ कृष्ण के योगेश्वर स्वरूप से साक्षात्कार किया, बल्कि मानव जीवन की सफलता का मंत्र भी आत्मसात किए। इस दौरान दर्शकों को भारतीय ज्ञान शोध संस्थान की निदेशिका एवं आदरणीय गुरु मां डॉ. कविता अस्थाना का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। नाटक अन्याय से त्रस्त, अधर्म को देख धर्म से विमुख होते और भगवान से शिकायत रखने वाले आधुनिक युवाओं की जिज्ञासाओं से शुरू होता है।

ऐसे युवा 'श्री नारद मुनि जी' के मार्गदर्शन में भगवान कृष्ण से संसार के कल्याण के लिए प्रश्न करते हैं। कर्म क्या है, अन्याय क्यों होता है? मनुष्य को कष्ट क्यों होता है? क्या भगवान को भी कष्ट सहना पड़ा? विद्यार्थी कैसे मन को एकाग्र करें? इन सभी सवालों का हल दर्शकों को नाटक में मिलता है। स्वयं कृष्ण भगवान की योगेश्वर छवि मंच पर साकार होती है।





### आत्मा लिबास की तरह शरीर बदलती है

बताया जाता है कि कृष्ण की लीलाओं का बखान किया जाता है, लेकिन स्वयं कृष्ण को कितने दुख उठाने पड़े और जो संघर्ष उन्होंने किया उसके विषय में बात नहीं की जाती है। श्री कृष्ण ने नाटक में दर्शाया कि मनुष्य अपने कर्मों की पूर्ति के लिए इस संसार में आता है। मनुष्य को सद्मार्ग पर चलकर इन कर्मों की पूर्ति करनी चाहिए। मनुष्य में स्वयं ईश्वर का लघु रूप है, इसलिए जब तक वह ईश्वर में आस्था रखेगा और बुरे कर्मों से दूर रहेगा उसे प्रभु यानी कृष्ण की कृपा प्राप्त होती रहेगी। नाटक के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि आत्मा अजर-अमर है जो लिबास की तरह शरीर को बदलती है। कृष्ण निराकार भी है और साकार भी जिनका सर्वशक्तिशाली अस्तित्व हर युग में रहा है और रहेगा।

### इन्होंने किया अभिनय

नाटक में अभिषेक शर्मा ने कृष्ण, श्रेयांश त्रिपाठी ने बलराम, देवव्रत शर्मा ने नारद, प्रेशा रावत ने वृद्ध महिला का किरदार निभाया। वहीं अन्वी राणा और सुहानी प्रताप सिंह ने जिज्ञासु युवा का किरदार निभाया। बच्चों और युवाओं के शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं चारित्रिक विकास के लिए समर्पित संस्थान पावन चिंतन धारा आश्रम का एक सांस्कृतिक प्रकल्प 'परिवर्तन', जिसका उद्देश्य नाटक, नृत्य, संगीत आदि के माध्यम से संस्कृति के सही स्वरूप को जनमानस तक पहुंचाना है। इसके संस्थापक स्वयं परमपूज्य डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' हैं।

## पौधे लगाए और लोगों को बांटे




**बेधड़क. जयपुर।** प्रतापनगर सेक्टर नंबर 17 में बालाजी मंदिर, एनआरआई सर्किल के पास सागर फाउंडेशन की सीईओ गोमा सागर के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर पौधे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में गोमा सागर ने बताया कि इस वर्ष 1100 पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य है। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष गिरधारी बैदी ने बताया कि अब तक लगभग 1000 से अधिक पौधे लगाए और वितरित किए जा चुके हैं।

## नाटक 'बर्फ' का मंचन आज

**बेधड़क. जयपुर।** परंपरा नाट्य समिति द्वारा रवीन्द्र मंच के स्टूडियो थियेटर में रविवार को शाम 7 बजे नाटक 'बर्फ' का मंचन किया जाएगा। नाटक कश्मीर की एक कहानी पर केंद्रित है कि जब सब कुछ खत्म हो जाता है। तब एक आस बंधी रहती है वह है कि बस अपनी जमीन को नहीं छोड़ना चाहिए। लेखक सौरभ शुक्ला के इस रियलिस्टिक नाटक का निर्देशन तमाशा साधक दिलीप भट्ट कर रहे हैं। संस्था प्रवक्ता सचिन भट्ट ने बताया कि नाटक में कलाकार महेश महावार, हर्ष भट्ट, डॉ. अपूर्वा सक्सेना भाग ले रहे हैं। नाटक के बाद दिलीप भट्ट दर्शकों से संवाद भी करेंगे।

## 'जोर की बरसात' का टीजर आउट



**बेधड़क. जयपुर।** ईशा मालवीय और अभिषेक मल्हान के म्यूजिक वीडियो 'जोर की बरसात' का टीजर रिलीज किया गया है। जोर की बरसात नामक इस गीत के दिल को छू लेने वाले बोल श्रोताओं का दिल जीत लेंगे। इससे पहले, दोनों ने शूटिंग से कुछ बीटीएस क्लिप साझा किए थे। अभी हाल ही में, निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर अभिनेताओं के साथ एक सहयोगी पोस्ट में संगीत वीडियो का टीजर साझा किया। ईशा और अभिषेक के अलावा, टीजर में जुबिन नौटियाल भी हैं। जुबिन नौटियाल द्वारा गाए गए इस गीत में अभिषेक मल्हान और ईशा मालवीय ने अभिनय किया है।

## City इवेंट्स

### नेबुलाइजेशन की वकालत कर चर्चा में आई एक्ट्रेस समांथा



**बेधड़क. जयपुर।** हाइड्रोजन परॉक्साइड नेबुलाइजेशन की वकालत करने से ऐक्ट्रेस समांथा रूथ प्रभु चर्चा में है। अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने इस नेबुलाइजेशन की वकालत की है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर डॉ. साइरिएक ऐबी फिलिप्स उर्फ 'द लिवर डॉक' समेत कई डॉक्टर्स ने समांथा की आलोचना की है। डॉक्टरों ने कहा है कि वो गलत सूचना फैला रही हैं। वे ऐसी चीज को बढ़ावा दे रही हैं, जो नुकसानदेह हो सकती है।

### अब 2 अगस्त को आएगी अजय देवगन की 'औरों में कहां दम था'




**बेधड़क. जयपुर।** अजय देवगन और तब्बू की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'औरों में कहां दम था' को लेकर निर्माता लगातार नई जानकारियां दे रहे हैं। हाल ही में निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए बताया था कि वे जल्द ही फिल्म की नई रिलीज डेट का खुलासा करेंगे। सिनेमाघरों घरों में फिल्म देखने के लिए दर्शकों और थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। आखिरकार अब निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। पहले यह फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट आगे खिसका दी गई है। पहले इसकी टक्कर निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर 'किल' से होने वाली थी। अब निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट साझा की है। आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म अब 2 अगस्त को रिलीज होगी। अजय और तब्बू ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया और नई रिलीज डेट की घोषणा की। तस्वीर के साथ अजय ने लिखा, '2 अगस्त को इंतजार खत्म होगा। औरों में कहां दम था।' नीरज पांडे ने भी पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'प्यारे दोस्तों, हमारी रिलीज की नई तारीख है।'

## 'पूरी पढाई, देश की भलाई' अभियान में कठपुतली शो से दिया संदेश

# बेटियों की शिक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लोगों को करेंगे जागरूक

बेधड़क | जयपुर

क्राई एवं डवलपमेंट इनिशिएटिव सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और 12वीं तक हर बालिका को शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को 'पूरी पढ़ाई, देश की भलाई' अभियान की शुरुआत की गई। पहले दिन जागरूकता के कई कार्यक्रम सेंट्रल पार्क और जवाहर सर्किल पर आयोजित किए गए।

इस दौरान बच्चों ने कठपुतली शो, रेड रिबन प्लेज, गीत नाटक प्रस्तुत कर 500 अधिक लोगों को जागरूकता का सकारात्मक एवं भावपूर्ण संदेश दिया। 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में जयपुर जिले के शहरी क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बालिका शिक्षा के अधिकारों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा।

अभियान की संयोजक नीतू प्रसाद ने बताया कि क्राई द्वारा बालिकाओं की 12वीं तक की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 15 अगस्त तक जयपुर शहर के विभिन्न इलाकों में बच्चों की टोलियां बेटियों की शिक्षा एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आमजन से विभिन्न माध्यमों से जागरूक करेंगी। इस कडी में अल्बर्ट हाल एवं हवा महल को रंगविरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी पहल का उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा के प्रति जन जागरूकता और सामाजिक दृष्टिकोण में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। हितधारकों को शामिल करके और लक्षित हस्तक्षेप लागू करके, क्राई का लक्ष्य शिक्षा की बाधाओं को दूर करना है।



## रवींद्र मंच में नाटक 'चक्रव्यूह' का मंचन

# सिफारिशें चलती रहेंगी तो काबिल व्यक्ति को नहीं मिल सकती नौकरी



बेधड़क | जयपुर

सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ व्यंग करते नाटक चक्रव्यूह का मंचन रविंद्र मंच के मिनी थियेटर में शनिवार को सायं 7:00 बजे मंचित किया गया। आरजे 14 आर्ट एण्ड वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रस्तुत और शाहरूख खान अब्बासी निर्देशित इस नाटक में दिखाया गया है कि नाटक का मुख्य किरदार कैलाशनाथ एक ईमानदार और कर्त्तव्य निष्ठ व्यक्ति है। उसके ऑफिस में एक इंजीनियर की पोस्ट की वैकेंसी निकलती है।

इस पोस्ट के इंटरव्यू के लिए उसके पास उसके उच्च अधिकारियों, नेताओं और मंत्रियों की सिफारिश आने लगती है। इतना ही नहीं उसके पास उसकी बीवी, साली, रिश्तेदार, समाज के लोग, मित्रगण एवं विभिन्न भाषाई लोगों की भी सिफारिश आती है। उसका मानना है कि जब तक सिफारिशें चलती रहेगी, तब तक काबिल व्यक्ति को ना तो नौकरी मिलेगी एवं ना ही देश का विकास हो सकेगा।

उसके इस फैसले से उसके बीवी बच्चे, मित्रगण उसका साथ छोड़ देते हैं, उसके बावजूद भी वह काबिल व्यक्ति को ही नौकरी पर रखता है। नाटक में मृणाल चौपड़ा, नीतू मिश्रा, मनोज इडिवाल, अर्ष खान, तरूण शर्मा, असलम कुरैशी, मुस्कान भारद्वाज, कुनाल सैनी, खुशी शर्मा ने किरदारों को जीवंत किया। प्रकाश संचालन मनीष धाभाई ने और संगीत संचालन खुशी शर्मा ने किया।

**नैणा रा झरोखा सूं** | डीडी राजस्थान के स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# शिक्षा, सूचना और मनोरंजन में दूरदर्शन बेहद सफल

बेधड़क | जयपुर

दूरदर्शन केंद्र जयपुर की प्रसारण यात्रा के 37 वर्ष पूर्ण होने पर 'नैना रा झरोखा सूं' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने भाग लिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा द्वारा पौधारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि दूरदर्शन ने सदैव से ही मर्यादित तरीके से जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्यक्रमों का निर्माण कर प्रसारण जगत में अमूल्य योगदान दिया है। दूरदर्शन जयपुर ने दर्शकों में गहरी साख स्थापित की है। निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि मैं स्वयं दूरदर्शन परिवार का हिस्सा रहा हूं और यह मेरे लिए गौरवपूर्ण अनुभूति है कि आज मैं इस स्थापना दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हूं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सूचना और मनोरंजन में दूरदर्शन काफी हद तक सफल रहा है।



**विकास यात्रा पर डाला प्रकाश:** कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्र अध्यक्ष सतीश देपाल ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया और दूरदर्शन की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय ने अपने उद्बोधन में लोक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। समाचार प्रमुख मंजू मीणा ने दूरदर्शन समाचारों की उपलब्धियों की जानकारी दी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दूरदर्शन की पूर्व महानिदेशक अपर्णा, पूर्व निदेशक नंद भारद्वाज, ध्रुपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तेलंग, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक राकेश मामोदिया, आकाशवाणी जयपुर के समाचार प्रमुख निलेश कालभोर,मुकेश भारद्वाज और अजंता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निदेशक अभियांत्रिकी एचपी मीणा, निदेशक अभियांत्रिकी निलेश खंडेलवाल, उपनिदेशक अभियांत्रिकी राजीव गुप्ता समेत केंद्र के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र सिंह कविया और दीपा सैनी ने किया। सहायक निदेशक (कार्यक्रम) सुरेश मीणा ने आभार जताया।

## ईरान की सत्ता में बड़ा उलटफेर... कट्टरपंथी जलीली की हार

# रिफॉर्मिस्ट मसूद पेजेश्कियान होंगे ईरान के राष्ट्रपति... मिले 16.3 मिलियन वोट

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान के चुनाव नतीजों का ऐलान हो गया है और सुधारवादी नेता मसूद पेजेशकियान को नया राष्ट्रपति चुन लिया गया है। इब्राहिम रईसी की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत के बाद ईरान में नए राष्ट्रपति के लिए 28 मई को पहले चरण का मतदान हुआ। वहीं, 5 जुलाई को हुए दूसरे चरण के मतदान के बाद मसूद पेजेशकियान ने जीत हासिल की है।

पेजेशकियान की पहचान एक उदारवादी और सुधारवादी नेता के रूप में हैं। अपने चुनाव अभियान के दौरान पेजेशकियान ने सख्त हिजाब कानून को आसान बनाने का वादा किया था। अब यह महत्वपूर्ण विषय है कि मसूद पेजेशकियान के राष्ट्रपति बनने से भारत के साथ ईरान के रिश्तों पर क्या असर होगा।

बहरहाल, इस चुनाव में ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में कट्टरपंथी माने जाने वाले उम्मीदवार सईद जलीली की करारी हार हुई है। चुनाव में उन्होंने ईरान को पश्चिमी देशों से जोड़ने का वादा किया था, जो दशकों से अमेरिकी नेतृत्व के साथ टकराव में है।



### जलीली ने रूस व चीन को बताया था बेहतर

ईरान चुनाव के रनऑफ में पेजेशकियान और जलीली के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही थी। पेजेशकियान उन कुछ उम्मीदवारों में शामिल थे, जिन्होंने ईरान को दुनिया के लिए खोलने का वादा किया था। मसलन, खासतौर पर पश्चिमी देशों के साथ संबंध को पुनर्स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाने का वादा किया था। हालांकि, जलीली ने ईरान के लिए रूस और चीन को बेहतर बताया था, जो खामेनेई की नीतियों के अधीन है।

### किसी बड़े आमूलचूल बदलाव की उम्मीद कम

इस चुनाव में ईरान के पूर्व परमाणु निगोशियेटर के रूप में मशहूर सईद जलीली, सुप्रीम लीडर के करीबी माने जाते हैं, जिन्हें हार का सामना करना पड़ा है। पेजेश्कियान की जीत के बाद ईरान में कुछ बहुत बड़ा बदलाव होगा, इसकी उम्मीद कम ही है, क्योंकि खुद पेजेशकियान वादा कर चुके हैं कि उनके कार्यकाल में देश के शिया धर्मतंत्र में कोई आमूलचूल बदलाव नहीं किया जाएगा। ईरान में सुप्रीम लीडर की बात पत्थर की लकीर मानी जाती है। पेजेश्कियान भी उन नेताओं में एक हैं, जो सुप्रीम लीडर को देश के सभी मामलों में आखिरी मध्यस्थ मानते हैं। वह पश्चिम के साथ ईरान के बेहतर संबंध की वकालत करते रहे हैं, जिनके प्रतिबंधों से देश का आज खस्ता हाल है।

### इब्राहिम रईसी के निधन के बाद हुआ चुनाव


ईरान में समय से पहले राष्ट्रपति का चुनाव कराना पड़ा है, जहां इब्राहिम रईसी की राष्ट्रपति रहते एक हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई थी। नियमों के मुताबिक ऐसी स्थिति में 50 दिनों के भीतर राष्ट्रपति के चुनाव का प्रावधान है। रईसी सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई के सबसे करीबी थे और वह खामेनेई के उत्तराधिकारी माने जाते थे।

### भारत-ईरान संबंधों पर क्या होगा असर?

भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत आर्थिक संबंध रहे हैं। पेजेशकियन के राष्ट्रपति बनने के बाद इन संबंधों के और भी मजबूत होने की संभावना है। पेजेशकियान एक सुधारवादी नेता हैं और वह पश्चिमी देशों से भी संपर्क बढ़ाने के पक्षधर हैं। ऐसे में वह भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता नहीं देंगे, ऐसा होने की आशंका कम ही है। खासतौर पर रणनीतिक रूप से अहम चाबहार बंदरगाह पर दोनों देशों का फोकस रहेगा। भारत ने इस परियोजना में भारी निवेश किया है और यह बंदरगाह, भारत को पाकिस्तान को दरकिनार कर मध्य एशिया तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। भारत ने चाबहार बंदरगाह टर्मिनल के विकास के लिए 12 करोड़ डॉलर देने का वादा किया है और ईरान में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 25 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन देने की भी पेशकश की है। विशेषज्ञों का मानना है कि चाहे सत्ता में कोई भी रहे, ईरान की विदेश नीति में बदलाव की संभावना नहीं है।

### जलीली को मिले 13.5 मिलियन वोट

चुनाव में सुधारवादी नेता पेजेशकियान को 16.3 मिलियन वोट पड़े हैं, जबकि हार्डलाइनर यानी कट्टरपंथी उम्मीदवार सईद जलीली को 13.5 मिलियन वोट मिले। पेजेशकियान पेशे से एक हार्ट सर्जन हैं और लंबे समय से सांसद रहे हैं। उनके समर्थकों में खुशियों का माहौल है, जिन्होंने देश की सत्ता में बड़े बदलाव का नेतृत्व किया है। वोट काउंटिंग के दौरान ही उनके समर्थक सड़क पर सेलिब्रेशन के लिए उतर आए थे।



### ईरानी आश्वस्त नहीं!

वर्ल्ड मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ईरान के लोग भी पेजेशकियान को लेकर इतना आश्वस्त नहीं हैं कि वह अपने चुनावी वादे को ठीक ढंग से पूरा कर पाएंगे। नए राष्ट्रपति पेजेशकियान अपने चुनावी अभियान के दौरान कुछ मौकों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उनका ईरान के मौलवियों और सुरक्षा बलों के पावर कॉरिडोर से उलझने का इरादा नहीं है।

## पाकिस्तान: बिजली का बिल 1 लाख रु. का

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बीते कुछ समय से लगातार गिर रही है। इसके चलते बिजली के दामों में काफी ज्यादा तेजी आई है, वहीं पेट्रोल के दामों में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। इसके चलते कई शहरों में पेट्रोल पंप पर हड़ताल भी हो रही है। इससे आम लोग काफी परेशान हैं।


हाल ही में पाक अधिकृत कश्मीर में भी बड़े प्रदर्शन हुए और लोग सड़कों पर उतर आए थे। इस मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के यूट्यूबर सुहेब चौधरी ने पाकिस्तान के गुजरावाला शहर में लोगों से बढ़ते बिजली बिल, पेट्रोल की कीमतें और कश्मीर के मुद्दे पर बात की है। पाकिस्तानियों ने 1-1 लाख के बिजली बिलों को लेकर जमकर शहबाज की सरकार पर गुस्सा निकाला है।

## यूक्रेन में NATO के दखल पर बिफरे पुतिन

# नाटो को पुतिन की सीधी परमाणु हमले की धमकी

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि यूक्रेन की मदद कर रहे पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को ऐसा कभी नहीं करेगा तो यह उनकी गलती है। पुतिन ने यह संदेश ऐसे समय में दिया है जब यूक्रेनी सैन्य बलों को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश मदद पहुंचाने के लिए कदम उठा रहे हैं। पुतिन ने इन नाटो सदस्यों को स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर उनका रूस के साथ संघर्ष




हो सकता है जो परमाणु संघर्ष में बदल सकता है।

मॉस्को ने बेलारूस के साथ मिलकर अपने परमाणु हथियार संबंधी तैयारी के लिए अभ्यास किया। पश्चिमी देश यूक्रेन में नाटो सैनिकों की तैनाती और रूसी क्षेत्र में सीमित हमलों के लिए उसे लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं।

### क्या बोले पुतिन

पुतिन ने यह भी कहा कि मॉस्को को यूक्रेन में परमाणु हथियार की आवश्यकता नहीं है लेकिन, 'यूरोप में खासकर नाटो के सदस्य यह सोचें कि वे किसके साथ खेल रहे हैं।' उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रूस उन पर हमला करता है तो अमेरिकी सुरक्षा पर भरोसा करना उनकी गलती हो सकती है।



## कनाडा की ट्रूडो सरकार का बड़ा कदम

# भारतीय कामगारों के लिए खोले द्वार

■ एक्सप्रेस एंट्री ड्रॉ का किया ऐलान

**एजेंसी** | ओटावा

कनाडा में काम करने के लिए जाने की इच्छा रखने वाले भारतीयों की बड़ी संख्या है। ऐसी इच्छा रखने वालों को कनाडा सरकार मौका दे रही है। कनाडा इमिग्रेशन, रिफ्यूजी और सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) ट्रेड प्रोफेशन में कुशल भारतीय कामगारों के लिए अपने दरवाजे खोल रहा है। आईआरसीसी ने हाल ही में ट्रेड प्रोफेशन में कुशल कामगारों को लक्षित करते हुए एक विशेष एक्सप्रेस एंट्री ड्रॉ आयोजित किया। दिसंबर 2023 के बाद यह पहला ऐसा ड्रॉ है। यह ड्रॉ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आकर्षित करने की कोशिश है। योग्य उम्मीदवारों को कुल 1,800 इन्विटेशन टू अप्लाई (आईटीए) जारी किए गए हैं। ऐसे में ट्रेड प्रोफेशन में कुशल भारतीय कामगारों के लिए कनाडा में काम करने का ये अच्छा मौका है।



### भारतीयों को कैसे होगा फायदा

भारतीयों के लिए कनाडा के इन कदमों का मतलब है कि अगर उनके पास खास कौशल है या उन्हें किसी प्रांत द्वारा नामित किया गया है तो वह वहां जा सकते हैं। एक्सप्रेस एंट्री ड्रॉ 2015 में शुरू की गई थी, ये प्रणाली तीन मुख्य कार्यक्रमों के लिए आवेदनों का प्रबंधन करती है। यह उम्मीदवारों का मूल्यांकन उम्र, कार्य अनुभव, भाषा कौशल व व्यवसाय जैसे कारकों के आधार पर करने के लिए व्यापक रैंकिंग प्रणाली (CRS) का उपयोग करता है। उच्च CRS स्कोर उम्मीदवार के ITA प्राप्त करने की संभावनाओं को बढ़ाता है।

### सीआरएस में न्यूनतम 436 स्कोर की जरूरी

बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक एक्सप्रेस एंट्री ड्रॉ में पात्रता होने के लिए कॉम्प्रिहेंसिव रैंकिंग सिस्टम (सीआरएस) में न्यूनतम 436 स्कोर की जरूरत होगी। यह ड्रॉ आईआरसीसी की पहल का हिस्सा है। गत 2 जुलाई को आईआरसीसी ने प्रांतीय नामांकित कार्यक्रम (पीएनपी) में उम्मीदवारों के लिए विशेष रूप से एक ड्रॉ आयोजित किया। इस ड्रॉ में 920 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक को न्यूनतम 739 CRS स्कोर की आवश्यकता थी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl